संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, रविवार, 30 जून 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 179 पृष्ठः 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



जनता दल यूनाईटेड (जदयू) की कार्यकारिणी की बैठक के बाद संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।

## आदर्श विचार



मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपत्ति नहीं है।

- भगवत गीता

## मन की बात



युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं। -स्वामी विवेकानंद

## संजय झा बने जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य सभा सदस्य संजय झा को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। शनिवार 29 जून को नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान जदयू प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संजय झा को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। जबकि नीतीश कुमार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे। यह निर्णय 2025 में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान लिया गया। संजय झा की नियुक्ति को पार्टी के नेतृत्व को मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारी के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर सांसद संजय कुमार झा ने मीडिया में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "हमारे नेता और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएम नीतीश कुमार ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है।

# लद्दाख: नदी में फंसा टैंक, 5 जवानों की मौत

## ▶▶ एक्सरसाइज से लौट रहे थे जवान, रात एक बजे नदी में पानी बढ़ने से हादसा हुआ

**दर्दनाक हादसा**

▶▶ लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास श्योक नदी का जलस्तर बढ़ने से सेना के 5 जवान बह गए



**टीम एक्शन इंडिया**

**लेह:** लद्दाख के न्योमा-चुशूल इलाके में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास श्योक नदी का जलस्तर बढ़ने से सेना के 5 जवान बह गए। सभी की मौत हो गई है। इनमें एक जूनियर कमिशन्ड ऑफिसर भी थे। घटना शुक्रवार (28 जून) की रात करीब 1 बजे की है। जानकारी शनिवार (29 जून) को सामने आई। सेना के जवान मिलिट्री एक्सरसाइज के बाद देर रात टी-72 टैंक से लौट रहे थे। मिलिट्री टैंक ईस्टर्न लद्दाख के सासेर ब्रांगसा में श्योक नदी पार कर रहा था, तभी पानी का लेवल अचानक बढ़ गया और जवान टैंक सहित नदी में डूबने लगे। लेह की फायर एंड फ्यूरी 14 कॉर्प्स के मुताबिक, हादसा एलएसी के चुशूल से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास हुआ। रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन नदी में तेज बहाव और जलस्तर के कारण जवानों को बचाया नहीं जा सका। पांचों जवानों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनकी पहचान रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी के रूप में हुई है।

**बारिश के चलते अचानक पानी बढ़ने की आशंका:** मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि श्योक नदी के ऊपरी इलाके में बारिश के चलते अचानक पानी बढ़ गया। रात होने के चलते जवानों को इसका पता नहीं चल सका। आमतौर पर ळ-72 टैंक पर कमांडर, एक गनर और एक ड्राइवर होता है। हालांकि, हादसे के वक्त टैंक पर 5 जवान सवार थे। टी-72 टैंक 5 मीटर (16.4 फीट) गहरी नदियों को पार करने की क्षमता रखता है। यह एक छोटे डायमीटर वाले स्नोर्कल की मदद से नदी पार करता है। पानी के अंदर टैंक का इंजन बंद होने पर इसे 6 सेकेंड के भीतर चालू करना जरूरी होता है। ऐसा नहीं करने पर कम दबाव होने के कारण इंजन में पानी भर जाता है। इमरजेंसी के लिए इस पर सवार क्रू के सभी सदस्यों को रीब्रीदर दिया जाता है रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर दुख जताया है।

### जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद : राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रायबरेली से सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लद्दाख त्रासदी में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। आज शनिवार 29 जून को सोशल मीडिया एक्स पर संवेदना व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, लद्दाख में टैंक से नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा, सभी शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

## केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**तिहाड़ भेजा**

▶▶ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पेशी के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया। सुनीता केजरीवाल भी कोर्ट पहुंची है। सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेजा। दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल की सीबीआई रिमांड आज खत्म हो रही थी। इससे पहले केजरीवाल को 21 मार्च को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। 26 जून को सीबीआई ने कोर्ट से केजरीवाल को पांच दिनों तक के लिए रिमांड पर देने की मांग की थी।

कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सीएम केजरीवाल को तीन दिनों के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजने का आदेश दिया था। वहीं, इससे पहले शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्डिंग मामले में केजरीवाल को 20 जून को ट्रायल कोर्ट ने जमानत दी थी। जिसके बाद ईडी ने निचली अदालत के इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

**कोर्ट में बोली सीबीआई- लोग कोरोना से मर रहे थे, ये घोटाले की साजिश रच रहे थे:** सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि दिल्ली में जब कोरोना महामारी अपनी चरम पर थी और लोग मर रहे थे, तब साउथ लॉबी के सदस्य शराब नीति तैयार करने के लिए दिल्ली आए थे। उन्हें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर ही बुलाया गया था।

## एनडीआरएफ जोखिम-कठिनाई भत्ते में की 40 प्रतिशत की वृद्धि



**रोडमैप**

▶▶ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भागीदारी के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के जोखिम और कठिनाई भत्ते को उनके मूल वेतन के 40 प्रतिशत की दर से बढ़ा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीआरएफ के पर्वतारोहण अभियान विजय के ध्वजारोहण समारोह में कहा कि मैं आपको एक अच्छा समाचार देना चाहता हूं। लंबे समय से एनडीआरएफ कर्मियों के लिए जोखिम और कठिनाई भत्ता बढ़ाने की मांग की जा रही थी। कल ही भारत सरकार ने इसे मंजूरी दी है और अब आपको 40 प्रतिशत की दर से जोखिम और कठिनाई भत्ता दिया जाएगा। यह सभी 16,000 एनडीआरएफ बचाव कर्मियों के लिए खुशी की बात है। अमित शाह ने यह भी कहा कि सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और सीआईएसएफ जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भागीदारी के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है।

## संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट के लिए की नई तारीखों की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक सार्वजनिक नोटिस में राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एनसीईटी) 2024, परिषद-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा जून 2024 चक्र के लिए नई तारीखों की घोषणा की है।

## षड्यंत्र रचने वालों को देंगे करारा जवाब: हेमंत सोरेन

**बीजेपी को घेरा**

▶▶ देश के जनता ने भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में सबक सिखाया है : हेमंत सोरेन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रांची में जेएमएम कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा, कि हम उन लोगों को मुंहतोड़ जवाब देंगे जिन्होंने हमारे खिलाफ साजिश रची। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बीजेपी के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का समय आ गया है।

**जनता ने भाजपा को सबक सिखाया:** रांची में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने आगे कहा कि भाजपा को भारत के सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने में महारत हासिल है। देश के जनता ने भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में सबक सिखाया है। भाजपा अब झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतने का सपना देख रही है।

## जजों की तुलना भगवान से करना सही नहीं: सीजेआई चंद्रचूड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि जजों की तुलना भगवान से करने की परंपरा खतरनाक है, क्योंकि जजों की जिम्मेदारी आम लोगों के हित में काम करने की है। कोलकाता में नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "अक्सर हमें आनर या लार्डशिप या लेडीशिप कहकर संबोधित किया जाता है। जब लोग अदालत को न्याय का मंदिर बताते हैं तो इसमें एक बड़ा खतरा है। बड़ा खतरा है कि हम खुद को उन मंदिरों में बैठे भगवान मान बैठें।"

हमें पूर्वाग्रह मुक्त न्याय का भाव पैदा करना होगा: सीजेआई ने कहा कि जब उनसे कहा जाता है कि अदालत न्याय का मंदिर होता है तो वह कुछ बोल नहीं पाते हैं, क्योंकि मंदिर का मतलब है कि जज भगवान की जगह हैं। बल्कि मैं कहना चाहूंगा कि जजों का काम लोगों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि जब आप खुद को ऐसे व्यक्ति के रूप में देखेंगे जिनका काम लोगों की सेवा करना है तो आपके अंदर दूसरे के प्रति संवेदना और पूर्वाग्रह मुक्त न्याय करने का भाव पैदा होगा।

# शुरू हो गई अमरनाथ यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगर:** बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए हर साल होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा शनिवार (29 जून) से शुरू हो गई। बालटाल और पहलगाम कैंप से शुक्रवार सुबह 4 हजार 603 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था गुफा के लिए रवाना हुआ। यात्रा अनंतनाग में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग से गुजरेगी। श्रद्धालु कश्मीर के अनंतनाग जिले में 3 हजार 880 मीटर ऊंचाई पर स्थित बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे। जम्मू-कश्मीर के रियासी में 9 जून को श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इस घटना को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए 3.50 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 52 दिवसीय यात्रा 19 अगस्त को खत्म होगी। 26 जून से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। पिछले साल 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किए थे। शुक्रवार (28 जून) को 4,603 तीर्थयात्री कश्मीर घाटी के बालटाल और पहलगाम बेस कैंप पहुंचे थे।

231 गाड़ियों में सवार होकर जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास बेस कैंप से सीआरपीएफ की थ्री लेयर सुरक्षा के बीच यह जत्था रवाना हुआ था।

**उत्कृष्टता केंद्र** हरियाणा सरकार और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर के मध्य हुआ एमओयू

# प्रशिक्षण-प्रयोगशाला परीक्षण सुविधाओं के लिए उत्कृष्टता केंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में चिन्हित अपराध मामलों के लिए फोरेंसिक विज्ञान में प्रशिक्षण और प्रयोगशाला परीक्षण सुविधाओं में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना हेतु हरियाणा सरकार तथा राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह और हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता सहित अन्य मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में सूरजकुंड में आयोजित चिंतन शिविर में लिए गए निर्णय के अनुसरण में यह एमओयू हुआ है। इस एमओयू का उद्देश्य फोरेंसिक और अभियोजन प्रशिक्षण, अनुसंधान और फोरेंसिक नमूनों के परीक्षण के क्षेत्र में सहयोगात्मक गतिविधियों के विकास को सुगम बनाना और उसे और मजबूत बनाना है।

इस समझौता ज्ञापन के तहत परिकल्पित, फोरेंसिक विज्ञान में प्रशिक्षण और प्रयोगशाला परीक्षण सुविधाओं में एक मजबूत, अत्याधुनिक, उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा और एनएफएसयू अनुसंधान के साथ-साथ फोरेंसिक नमूनों के परीक्षण का मार्गदर्शन करेगा और विशेषज्ञ ज्ञान भी प्रदान करेगा।

**उत्कृष्टता केंद्र बनने से हरियाणा में आपराधिक न्याय प्रणाली और मजबूत होगी:** हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान के तत्वावधान में, न्यायिक अधिकारियों, सरकारी अभियोजकों, पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों को फोरेंसिक विश्लेषण और आपराधिक न्याय वितरण के अन्य पहलुओं में एनएफएसयू के परामर्श से प्रशिक्षण दिया जाएगा।



# विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी भूषण ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से की भेंट

**बधाई**

**इस दौरान उन्होंने ओम बिरला को पुनः लोकसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी भूषण ने नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। इस दौरान उन्होंने ओम बिरला को पुनः लोकसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।
विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनना ऐतिहासिक क्षण है। 17वीं लोकसभा में उनकी अध्यक्षता में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए जिन्हें सदैव संसदीय इतिहास भी याद रखेगा। इस कार्यकाल में भी उनके अनुभव से सदन का गौरव उत्तरोत्तर बढ़ेगा और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती मिलने के साथ संसदीय मयार्दाओं का एक नूतन अध्याय रचा जाएगा।
उन्होंने कहा कि अब 18वीं लोकसभा में भी ओम बिरला की अध्यक्षता के दौरान देश को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की ओर से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ऐतिहासिक कदमों को मजबूती मिलेगी। इस लोकसभा से देश के 140 करोड़ लोगों की उम्मीदें और आकांक्षाएं बहुत हैं जिन्हें पूरा करने में ओम बिरला सक्षम होंगे ऐसा उनका अटल विश्वास है।

**सांसद अजय भट्ट से की मुलाकात, दी बधाई**

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी भूषण ने नई दिल्ली में नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचित सांसद अजय भट्ट से मुलाकात की है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित सांसद को बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस दौरान प्रदेश से संबंधित विभिन्न समसामयिक विषयों पर वार्ता हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स से यह जानकारी साझा की है।

# नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत से मिले उत्तराखंड के मंत्री गणेश जोशी

**शिष्टाचार भेंट**

**जोशी ने बताया कि मसूरी, नैनीताल जैसे पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का अधिक दबाव बढ़ रहा है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की और उन्हें पुनः केंद्रीय मंत्री का दायित्व मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।
मंत्री जोशी ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत से चारधाम यात्रा में पर्यटन सुविधाओं के लिए केंद्र सरकार से सहयोग करने तथा उत्तराखंड में टूरिस्ट डेस्टिनेशन का दायरा बढ़ाने का अनुरोध किया।
मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि मसूरी, नैनीताल जैसे पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का अधिक दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने पर्यटन स्थलों के आसपास के क्षेत्रों में भी पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने राज्य से शीघ्र प्रस्ताव भेजने को कहा और मामले में जल्द कार्यवाही का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान मंत्री जोशी ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को गंगाजल भेंट किया।

## सिलेंडर ले जा रहा ट्रक नदी में गिरा, दो की मौत

**अल्मोड़ा/टीम एक्शन इंडिया**
रसोई गैस सिलेंडर ले जा रहा एक ट्रक सेराघाट क्षेत्र में जैगन नदी में गिर गया। इस दुर्घटना में ड्राइवर सहित दो की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार देर शाम की है।एलपीजी सिलेंडर लेकर हल्द्वानी से बेरीनाग की ओर जा रहा ट्रक संख्या-यूके 04 सीबी-3110 अल्मोड़ा-सेराघाट मोटर मार्ग पर मंगलता से आगे टानी के पास अचानक अनियंत्रित होकर जैगन नदी में गिर गया। ट्रक में लदे सभी सिलेंडर खाई व नदी में गिर गए। सूचना के बाद धौलछीना थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायल ट्रक ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति को बाहर निकाल सीएचसी धौलछीना पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# जिलाधिकारी ने हेलीपैड परियोजना के कार्यों को तेजी से पूरा करने के दिए निर्देश

**समीक्षा**

**चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को जनपद में हेलीपैड निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा की**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को जनपद में हेलीपैड निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि हेलीपैड निर्माण कार्यों के लंबित प्रकरणों का तत्काल समाधान करते हुए निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। एसडीएम अपने क्षेत्रों में निर्माणधीन हेलीपैड कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग करें। जिन हेलीपैड का निमार्ण कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका संचालन शीघ्र शुरू किया जाए।
जिलाधिकारी ने भू-वैज्ञानिक अधिकारी को एसडीएम से समन्वय करते हुए गोविंदघाट, घांघरिया और औली में हेलीपैड निर्माण के लिए स्थल चयन करने के निर्देश दिए। थराली एसडीएम को कुलसारी में निमार्णाधीन हेलीपैड निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भविष्य की संभावनाओं और आवश्यकताओं को देखते हुए जनपद में नए हेलीपैड निर्माण के लिए भूमि चिह्नित करें। स्थान चिह्नित करते हुए सड़क से कनेक्टिविटी का भी विशेष ध्यान रखा जाए।
बैठक में बताया गया कि जनपद में 11 हेलीपैड का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसमें से हेमकुंड साहिब, कोठियासैंण और कुलसारी में निर्माण कार्य चल रहा है। सिंहधार, घांघरिया, वाण, रविग्राम औली, गोविन्द घाट, वेदनी में हेलीपैड निर्माण और भराडीसैंण में हेलीपैड विस्तारीकरण के कार्य विभिन्न स्तरों पर प्रक्रिया में चल रहे हैं।
बैठक में उप जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, वन विभाग के एसडीओ जुगल किशोर, ग्रामीण विकास विभाग के अधिशासी अभियंता अला दिया, लोनिवि के सहायक अभियंता सचिन अशोक आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबा समेत दो गिरफ्तार, 8.03 ग्राम स्मैक बरामद

**लोहाघाट(चम्पावत)/टीम एक्शन इंडिया**
लोहाघाट क्षेत्र से चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बाबा समेत दो लोगों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जो बाबा स्मैक तस्करी के आरोप में धरे गए हैं, वे जनपद के प्रसिद्ध धामों में से एक मानेश्वर धाम के बाबा रमन पुरी महाराज बताए जा रहे हैं।
शुक्रवार को लोहाघाट थाना के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान बलाई मार्ग से दो अलग-अलग वाहनों में आते हुए दो लोगों की चेकिंग की गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रूटीन चेकिंग के दौरान बलाई को जाने वाले रास्ते पर दो अलग-अलग वाहनों में सवार दो लोगों की तलाशी ली गयी। इस दौरान अजय मेहरा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम प्रेम नगर, लोहाघाट और रमनपुरी उम्र 55 वर्ष निवासी मानेश्वर मन्दिर (पुजारी) मूल निवास ग्राम धनखोली, रानीखेत जनपद अल्मोड़ा के कब्जे से 8.03 ग्राम स्मैक बरामद की। अजय मेहरा के पास से 4.54 ग्राम और रमनपुरी के पास से 3.49 ग्राम स्मैक बरामद की। दोनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों से अन्य जानकारियां ली जा रही हैं।

### अर्थ एवं संख्या विभाग ने मनाया सांख्यिकी दिवस

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
अर्थ एवं संख्या विभाग गोपेश्वर में शनिवार को सांख्यिकी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारत में सांख्यिकी विज्ञान के जनक माने जाने वाले प्रो प्रशांत चंद्र महालनोबिस के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया। इस दौरान जिला अर्थ एवं संख्या कार्यालय में 'निर्णय लेने के लिए डेटा का उपयोग' विषय पर गोष्ठी भी आयोजित की गई। गोष्ठी में सतत विकास लक्ष्यों पर विचार-विमर्श के सामाजिक आर्थिक नियोजन और नीति निर्माण को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विनय जोशी ने पीसी महालनोबिस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी ओर से किये गये कार्यों की जानकारी दी।
इस मौके पर मुख्य कृषि अधिकारी विजय प्रकाश मौर्य, उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे।


### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने लाटू धाम में की पूजा-अर्चना

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने शनिवार को देवाल विकास खंड के वाण स्थित नंदादेवी के धर्म भाई लाटू मंदिर, लोहाजंग काली मंदिर और सवाड गांव की भराडेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश की सुख समृद्धि की कामना की है। शंकराचार्य का क्षेत्र में पहली बार पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।
लाटू धाम पहुंचने पर वाण गांव की महिलाओं ने पारम्परिक वेष-भूषा में मां नंदा की चांचड़ी लगाकर शंकराचार्य का स्वागत किया। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हर सनातनी को घर में गाय का पालन कर गौ सेवा करनी चाहिए। गाय में तैंतीस कोटी के देवी-देवताओं का वास होता है। सरकार को चाहिए गाय को राष्ट्रीय दर्जा दिया जाय। उन्होंने कहा कि न्याय और धर्म पर चल कर विश्व का कल्याण होगा। उन्होंने इस अवसर पर वाण लाटू धाम का सुन्दरीकरण, धर्मशाला बनाने और लाटू देवता का पूरे देश में प्रचार प्रसार करने की घोषणा की है। उसके बाद चमोली मंगलम यात्रा ने रात्रि विश्राम के लिए नारायणबगड़ के लिए प्रस्थान किया।

### प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर खनन पर लगाई रोक

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद अंतर्गत नदी तल से लगी हुई राज्य सरकार, वन भूमि में उप खनिजों के खदान चुगान के खनन पट्टाधारकों को खनन चुगान के पट्टे जारी किए गए हैं, जिन्हें 30 सितंबर तक प्रतिबंधित कर दिया गया है।
इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करते हुए जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे ने बताया कि वर्षाकाल के दौरान बाढ़ एवं अतिवृष्टि से होने वाले जान माल की क्षति को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में सुरक्षात्मक उद्देश्य से जनपद के सभी खनन पट्टाधारकों अनुज्ञाधारकों के खनन कार्य पर 1 जुलाई से 30 सितंबर तक प्रतिबंध लगाया गया है।

# चमोली जिले में दो अलग-अलग वाहन दुर्घटना में आठ लोग घायल



**दुर्घटना**

**दुर्घटना में वाहन चालक देवराज सिंह पुत्र सते सिंह तथा संदीप सिंह पुत्र मदन सिंह घायल हो गए।**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर शनिवार को दो वाहन दुर्घटना में आठ लोग घायल हो गये। घायलों को नजदीकी चिकित्सालयों में भर्ती किया गया है।
पुलिस के अनुसार पहली घटना चमोली जिले के गौचर की है, जहां एक पिकअप वाहन जो कि कंक्रीट लेने गौचर से सारी की तरफ जा रहा था, रानो गांव के सामने डीबीएल कंपनी के पास अचानक अनियंत्रित होकर अलकनंदा नदी में गिर गया।
दुर्घटना में वाहन चालक देवराज सिंह पुत्र सते सिंह तथा संदीप सिंह पुत्र मदन सिंह दोनों निवासी गौचर घायल हो गए। दोनों को गौचर चिकित्सालय ले जाया, जहां उपचार के बाद दोनों डिस्चार्ज कर दिया गया।
दूसरी घटना चमोली जिले के कोतवाली जोशीमठ क्षेत्र में मारवाड़ी पुलिस चौकी और विष्णुप्रयाग के बीच की है, जहां एक बोलेरो गाड़ी और बस की आमने-सामने से टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में लंमगांव टिहरी निवासी बस चालक मेघ सिंह पुत्र नारायण सिंह का हाथ फ्रैक्चर हो गया तथा रूद्रप्रयाग निवासी बोलेरो चालक उत्तम कुमार पुत्र कुंदन, राजो देवी पत्नी राजेंद्र पंत, यश कौशिक पुत्र मनोज कौशिक, सुरेंद्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह, मोहित पुत्र राजकुमार सभी खेकडा बागपत के निवासी हैं जो बोलेरो वाहन में सवार थे, घायल हो गए। सभी घायलों को जोशीमठ सामुदायिक चिकित्सालय लाया गया है, जहां से दोनों वाहन चालकों को हायर सेंटर गोपेश्वर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

## लद्दाख में 5 जवान शहीद, मुख्यमंत्री ने जताया दुख

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को लद्दाख में पांच जवानों की जान जाने पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि लद्दाख में टी-72 टैंक के नदी पार करने के दौरान अचानक जलस्तर बढ़ने से भारतीय सेना के जवानों के शहीद होने का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर सभी दिवंगतों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने अंत में लिखा कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ा है। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में वीर जवानों की शहादत को शत्-शत नमन! ॐ शांति!

# पीसी महालनोबिस को दी श्रद्धांजलि

**योगदान**

**सांख्यिकी प्रणाली एवं आर्थिक योजना निर्माण के क्षेत्रों में महालनोबिस ने उल्लेखनीय योगदान दिया है**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार स्थित एसएमजेएन (पीजी) कॉलेज में राष्ट्रीय सांख्यिकीय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सांख्यिकी वेत्ता पी.सी. महालनोबिस को श्रद्धाजंलि अर्पित की गयी।
इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि सांख्यिकी दिवस 2024 का विषय 'निर्णय लेने के लिए डेटा का उपयोग' है। आंकड़ों का प्रयोग सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनों परिणामो के लिए किया जा सकता है। ऐसे में डेटा रूपी शस्त्र को सकारात्मकता के साथ केवल मानवकल्याण के लिए ही प्रयोग करना चाहिए।
उन्होंने कहा कि सांख्यिकी प्रणाली एवं आर्थिक योजना निर्माण के क्षेत्रों में प्रोफेसर पी.सी. महालनोबिस ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। महालनोबिस ने भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई) की स्थापना के लिए बड़े पैमाने पर नमूना सर्वेक्षण की योजना में भी अपना अतुल्य योगदान दिया।

# दो जुलाई को व्यापारी लक्ष्मणझूला बाजार बंद कर करेंगे प्रदर्शन

**ज्ञापन**

**व्यापार मण्डल की ओर से जिलाधिकारी पौड़ी को ज्ञापन भेजकर अवगत कराया गया है।**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
बजरंग सेतु निर्माण की धीमी गति देखकर लक्ष्मणझूला के व्यापारी भड़के उठे हैं। अब उन्होंने चरणबद्ध आंदोलन का मन बनाया है। इसी क्रम में व्यापारी दो जुलाई को बाजार बंद कर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस सबंध में व्यापार मण्डल की ओर से जिलाधिकारी पौड़ी को ज्ञापन भेजकर अवगत कराया गया है।
नगर पंचायत स्वर्गाश्रम-जौंक वार्ड-01 स्थित रानी मंदिर में लक्ष्मण झूला व्यापार मण्डल ने बैठक की। बैठक में व्यापारी सहित स्थानीय लोग शामिल हुए। बैठक में मण्डल के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि व्यापारियों की पहले कोरोना ने कमर तोड़ दी, उसके बाद लक्ष्मणझूला पुल स्थाई तौर पर बंद कर दिया गया। इससे व्यापारियों के आगे जीवनयापन का संकट आ खड़ा हुआ है। तीन साल से बजरंग सेतु का निर्माण नहीं हो पाने से व्यापारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।
व्यापार मण्डल के सचिव सत्यप्रकाश सोनी ने कहा कि वर्तमान में बजरंग सेतु का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। ऐसी में व्यापारी की हिम्मत टूटती जा रही है। उन्होंने बताया कि दो जुलाई को बजरंग सेतु के निर्माण में धीमी गति होने पर लक्ष्मणझूला बाजार बंद करने का निर्णय लिया है।
व्यापारी अरुण डोबरियाल, नरेंद्र सिंह धाकड और अतर सिंह चौहान ने कहा कि लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते सेतु का निर्माण धीमी गति से हो रहा है।

# डीएम हिमांशु खुराना ने जिला खनन निरोधक समिति की बैठक की

**बैठक**

**अवैध खनन की रोकथाम के लिए जिले में नए खनन चुगान क्षेत्रों को भी चिह्नित किया जाए: डीएम**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को जिला खनन निरोधक समिति की बैठक लेते हुए सभी एसडीएम, पुलिस, परिवहन और खान अधिकारियों को जनपद में अवैध खनन की पूर्ण रोकथाम के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन की रोकथाम के लिए जिले में नए खनन चुगान क्षेत्रों को भी चिह्नित किया जाए, ताकि अवैध खनन पर अंकुश लगाने के साथ राजस्व को बढ़ाया जा सके।
जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खनन मामलों में आरोपित अर्थदंड की अवशेष धनराशि की वसूली जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए। खनिज भंडारण स्थलों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए। अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। किसी भी क्षेत्र में अवैध खनन न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाए। एसडीएम और पुलिस विभाग सामंजस्य बनाकर अवैध खनन में सीज वाहनों को रखने की व्यवस्था भी करें।
जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अवैध खनन की रोकथाम और खनन मामलों में आरोपित से अर्थदंड की वसूली के लिए तहसील स्तर पर प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित करना सुनिश्चित करें।
जिला खान अधिकारी नाजिया हसन ने बताया कि खनन निरोध दल ने एक अप्रैल 2023 से अब तक 65 अवैध खनन के प्रकरणों में चालान की कार्रवाई करते हुए 81.18 लाख का अर्थदंड लगाया गया है। जिसमें से 32.50 लाख धनराशि जमा कर दी गई है जबकि 48.68 लाख धनराशि अवशेष है।
जिला खान अधिकारी ने बताया कि अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के प्रकरणों में सात मार्च से पूर्व आरोपित धनराशि की मात्रा पर तत्समय प्रचलित रायल्टी का दोगुना की धनराशि आरोपित कर ऐसे प्रकरणों का एकमुश्त समाधान योजना के तहत किया जा सकेगा। ऐसे प्रकरणों में 24 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज से छूट प्रदान करते हुए अधिरोपण की तिथि से प्रतिवर्ष पांच प्रतिशत साधारण ब्याज लिया जाएगा। ऐसे आवेदनों का निस्तारण के लिए दो माह का समय निर्धारित है। एक मुश्त समाधान योजना का लाभ न लिए जाने की दशा में पूर्व से अधिरोपित संपूर्ण धनराशि जमा कराई जानी अनिवार्य है।
बैठक में उप जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, खान अधिकारी नाजिया हसन सहित वर्चुअल माध्यम से तहसीलों से सभी उप जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# हरियाणा से ऋषिकेश घूमने आया युवक गंगा में नहाते हुए डूबा

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा से अपने छह दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने आया एक युवक रामझूला नाव घाट पर गंगा में नहाने के दौरान डूब गया। सूचना पर एसडीआरएफ की डीप डाइविंग टीम ने मौके पर पहुंची और सर्चिंग अभियान प्रारंभ किया।
एसडीआरएफ के प्रभारी कविंद्र सजवाण ने बताया कि शनिवार की सुबह सूचना प्राप्त हुई कि थाना लक्ष्मणपुर क्षेत्र के अंतर्गत राम झूला नाव घाट पर एक युवक नहाते समय गंगा में डूब गया है। सूचना पर एसडीआरएफ की डीप डाइविंग टीम ने मौके पर पहुंची। टीम ने युवक की खोज के लिए सर्चिंग अभियान प्रारंभ किया है। युवक का अभी पता नहीं चल सका है। डूबने वाले युवक का नाम नरेश पुत्र बलदेव सिंह उम्र 35 वर्ष है। वह हरियाणा के जींद जिला के ग्राम करौंदा का रहने वाला है। वह अपने छह साथियों के साथ ऋषिकेश घूमने आया था। युवक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।



# मुख्यमंत्री ने 170 अभ्यर्थियों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र, बोले- अपने कार्य में शत-प्रतिशत दें योगदान

**नियुक्ति पत्र**

**-11 विभागों में 165 सहायक अभियंताओं और ऑडिट विभाग में 05 कनिष्ठ सहायकों को दी गई नियुक्ति**



**देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को 170 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सबको अपने कार्यक्षेत्र में शत-प्रतिशत योगदान देकर अपने माता-पिता और राज्य का गौरव बढ़ाने का कार्य करना है।
मुख्यमंत्री धामी ने मुख्य सेवक सदन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में विभिन्न विभागों हेतु चयनित 165 सहायक अभियंताओं एवं ऑडिट विभाग हेतु चयनित 05 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कुल 11 विभागों में 165 सहायक अभियंताओं और ऑडिट विभाग में 05 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति दी गई है।
समारोह में मुख्यमंत्री धामी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामना देते हुए आशा व्यक्त की कि नियुक्ति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को जिस भी क्षेत्र में सेवा करने का अवसर मिल रहा है, वे कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण भाव से जन सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि आज नियुक्ति देने का मुख्य उद्देश्य है कि सभी अभ्यर्थियों को चयन वर्ष का लाभ प्राप्त हो सके।
मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की कि अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य कर उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने में सभी चयनित अभ्यर्थी अपना योगदान देंगे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 03 साल में राज्य सरकार का प्रयास रहा है कि हर क्षेत्र में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जाए। इन 03 वर्षों में लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और मेडिकल चयन बोर्ड के माध्यम से कुल 14 हजार 800 नियुक्तियां प्रदान की गई हैं। राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद से सभी भर्ती परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई हैं। इस कानून के तहत दोषियों पर सख्त कार्रवाई के प्राविधान किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय से ही युवा राजनीति में कार्य किया है। युवा वर्ग हमेशा उनकी प्राथमिकता में रहा है।

**उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने में दें योगदान - सतपाल महाराज**

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की कि सभी सहायक अभियंता अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता के साथ कार्य कर उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने में योगदान देंगे। सभी चयनित अभ्यर्थी मन में यह भाव लेकर चलें कि कार्यक्षेत्र में हर समय नई चीजें सीखने को मिलेंगी, उनको आत्मसात करते हुए आगे बढ़ना है।

**नई नियुक्ति से कार्यों में आएगी तेजी - प्रेमचन्द अग्रवाल**

कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल ने चयनित सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि चयनित अभ्यर्थियों के लिए यह जीवन की नई पारी की शुरूआत है। उत्तराखंड में कई समय से सहायक अभियंताओं की कमी थी। नई नियुक्तियों से कार्यों में तेजी आयेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के 09 जिलों में विकास प्राधिकरण हैं, जिनमें सहायक अभियंताओं को नियुक्ति मिलेगी। राज्य में प्राधिकरण बनाने का मुख्य उद्देश्य है कि क्षेत्रों का नियोजित विकास हो सके।

## शहर में जल भराव की समस्या से निपटने को लेकर डीएम ने की बैठक



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी धीराज सिंह ने शुक्रवार को हरिद्वार में जल भराव की समस्या से निपटने के लिए नालों की सफाई एवं ड्रेनेज सिस्टम के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की।
बैठक में पूर्व मंत्री व नगर विधायक मदन कौशिक भी सम्मिलित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि सिंचाई, लोनिवि, एनएच तथा नगर निगम के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिये कि बारिश होने पर नहर का जल स्तर कम कर दिया जाये, ताकि शहर के बारिश के पानी की निकासी आसानी से हो सके। बैठक में विधायक मदन कौशिक ने कहा कि सिंचाई विभाग के कार्मिकों की लापरवाही से शहर में बारिश का पानी भरता है क्योंकि नहर का स्तर अधिक होने से पानी की निकासी सही से नहीं हो पाती है। उन्होंने एनएचएआई के अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि भूपतवाला, सिंह द्वार, कृष्णा नगर सहित विभिन्न स्थानों पर जल भराव से निजात हेतु शीघ्रता से कार्रवाई पूरी की जाये। उन्होंने शहर के प्रमुख 30 नालों की सफाई को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।

## उपचुनावः भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने अपने-अपने उम्मीदवार के पक्ष में मांगा वोट

**उपचुनाव**

**बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों जोर शोर से जुटे हैं।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों जोर शोर से जुटे हैं। दोनों दलों के नेता गांव-गांव पहुंचकर अपने-अपने उम्मीदवार के लिए जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं। शनिवार को भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पोखरी पहुंचे, जहां उन्होंने एक-दूसरे दलों पर कटाक्ष करते हुए अपने उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की।
पोखरी में शनिवार को भाजपा संगठन महामंत्री अजय कुमार और जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी की अध्यक्षता में संगठन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को गांवों में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार-प्रसार करने की अपील की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने भाजपा उम्मीदवार की जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता में भाजपा के प्रति आस्था जगी है। जनता ने केंद्र से लेकर राज्य में भाजपा के प्रति अपना विश्वास प्रकट किया है।
संगठन महामंत्री अजय कुमार ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में रह कर जनता की सेवा की है। जनता जानती है कि भाजपा ही वह सरकार है जो उनके दुख-दर्द को समझती है इसलिए लोकसभा चुनाव में भी जनता ने उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भाजपा को जीत दिलवायी है। इस उपचुनाव में भी बदरीनाथ विधानसभा की जनता भाजपा उम्मीदवार को अपना आशीर्वाद देगी।दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार रहे गणेश गोदियाल के नेतृत्व में देवखाल मसोली, कलसीर नैल नौली गुडम सहित विभिन्न गांवों में कांग्रेस उम्मीदवार लखपत बुटोला के पक्ष में प्रचार-प्रसार किया गया। मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। कांग्रेस नेता गणेश गोदियाल ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का विकास से कोई लेना देना नहीं है। वह सिर्फ दूसरे दलों के नेताओं और विधायकों को तोड़कर सत्ता में बने रहना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह उप चुनाव आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संदेश भी देगा कि जनता का भाजपा से विश्वास उठ गया है।

### त्रिवेंद्र सिंह रावत का दावा- मंगलौर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की होगी जीत

**हरिद्वार**
हरिद्वार के नवनिर्वाचित सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दावा करते हुए कहा कि मंगलौर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना भारी मतों से चुनाव जीतेंगे।दिल्ली में संसद में शपथ लेने के पश्चात हरिद्वार पहुंचे सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत का डामकोठी पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। हरिद्वार में कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करने के बाद वे तत्काल मंगलौर चुनाव प्रचार के लिए रवाना हो गए।

## कुमाऊं विश्वविद्यालय ने घोषित किए परीक्षा परिणाम

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय ने शनिवार को परीक्षा सत्र 2023-24 में पंजीकृत एमकॉम, एमए-गणित तथा एमएससी सूचना प्रौद्योगिकी व भूगोल के चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मुख्य व बैक परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। यह जानकारी विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा ने दी है।
उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम विवि की आधिकारिक वेबसाइट केयूएनटीएल डॉट नेट पर लॉग इन करके अथवा अपने परिसर या महाविद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

## बदरीनाथ उपचुनावः कार्मिकों को दिया वेबकास्टिंग का प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण**

**जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में रिजर्व सहित 118 वेबकास्टिंग कार्मिकों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए विधानसभा के 105 बूथों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में रिजर्व सहित 118 वेबकास्टिंग कार्मिकों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर प्रभात रावत ने वेब कास्टिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के साथ मतदेय स्थलों पर कैमरे के इंस्टॉलेशन, संचालन और नेट कनेक्टिविटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी।
नोडल अधिकारी हेमंत मौर्य ने बताया कि मतदान के दिन 105 बूथों पर लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। वेबकास्टिंग के लिए कार्मिकों को सात जुलाई को रवाना किया जाएगा। वेबकास्टिंग में तैनात कार्मिकों को सात जुलाई को ही पोस्टल बैलेट से अपना मतदान करने के लिए सुविधा केंद्र बनाया जाएगा। वेबकास्टिंग की कन्ट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी। इन केंद्रों पर मतदान शुरू होने से लेकर मतदान की समाप्ति तक की पल-पल की गतिविधियों पर आयोग की सीधी नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 50 फीसदी मतदेय स्थलों पर लाइव निगरानी रखी जाएगी। जहां वेब कास्टिंग होनी है वहां पर विभिन्न चरणों में ट्रायल भी आयोजित किए जाएंगे।

## ट्रांसफार्मर और पोल की जांच की

**प्रशिक्षण**

**जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में रिजर्व सहित 118 वेबकास्टिंग कार्मिकों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया**



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
बरसात के मौसम में बिजली के करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये विद्युत विभाग की टीम ने शनिवार को नैनीताल में मॉल रोड के आस पास व भीमताल की बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर और पोल आदि की जांच की।
नैनीताल विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता एसके सहगल ने बताया कि बरसात के दौरान ग्राउंडिंग सिस्टम की अनुपस्थिति में डीसी, एसी सर्किट से जमीन, चेसिस या किसी अन्य प्रवाहकीय घटक तक प्रवाहित होने वाले करंट में लीकेज होता है। इसकी जांच के लिये अभियान जारी है।

## टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत की जीत के लिए संतों ने की प्रार्थना



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज रात होने वाले टी20 वर्ल्ड कप फाइनल मैच को लेकर साधु-संतों में खासा उत्साह है। हरिद्वार के प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम में साधु-संतों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और भारतीय टीम की जीत की कामना की।
टी20 विश्व कप 2024 का फाइनल मैच आज रात 8:00 बजे से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। 17 साल पहले 2007 में भारत ने पाकिस्तान को हराकर टी20 वर्ल्ड कप पर कब्जा जमाया था। टीम इंडिया के पास 2007 के बाद अब फिर से टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी पर कब्जा जमाने का सुनहरा अवसर है। भारतीय टीम के लिए देशभर में दुआएं की जा रही हैं। हरिद्वार के साधु-संतों ने भी भगवान शिव का जलाभिषेक कर भारतीय टीम की जीत की कामना की है।

**वर्ल्ड कप फाइनल**

**आज रात होने वाले टी20 वर्ल्ड कप फाइनल मैच को लेकर साधु-संतों में खासा उत्साह है**

महामंडलेश्वर संतोषानंद गिरी महाराज, महामंडलेश्वर शिव प्रकाश, सामाजिक सेना के अध्यक्ष विनोद महाराज, श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पं. अधीर कौशिक, आचार्य ललितानंद, कथाव्यास आचार्य गिरीश मिश्रा एवं अन्य संतों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

## बारिश के बाद गंगा का जलस्तर बढ़ा, नदी में बही कई कारें

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार में शनिवार को जमकर बारिश हुई। भारी बारिश के बाद गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे कई कारें गंगा नदी में बह गई। कारें बहने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।ये कारें उत्तरी हरिद्वार में खडखडी शमशान घाट के पास खड़ी थीं। अचानक हरिद्वार और आस पास के जंगलों में हुई तेज बारिश से गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और कारों को बहा ले गया। पुलिस का कहना है कि कारों में लोग नहीं थे।

## नैनीताल पुलिस ने लोगों को दी नये आपराधिक कानूनों की जानकारी

**जागरूकता कार्यक्रम**

**पुलिस ने नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जनपद के विभिन्न थाना-चौकियों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये**



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल पुलिस ने शनिवार को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जनपद के विभिन्न थाना-चौकियों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये।
इस दौरान स्थानीय लोगों तथा आगंतुक पर्यटकों को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जागरूक किया गया। नैनीताल जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने जनता को इन नये कानूनों के प्रति जागरूक करने के लिये प्रत्येक थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने हेतु निर्देशित किया है। इस आदेश के क्रम में जनपद के पुलिस अधीक्षक-न्याय एवं यातायात हरबंस सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों द्वारा थाना भवाली के टैक्सी स्टैंड, नगर पालिका मैदान में चल रहे मेले व श्यामखेत तथा चौकी क्वारब व चौकी खैरना में, नैनीताल के मल्लीताल बाजार व रिक्शा स्टैंड, लालकुआं, हल्दूचौड, खेड़ा गौलापार, भोटिया पड़ाव, रामनगर, बेलपड़ाव तथा मंगल पड़ाव में जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस टीमों ने स्थानीय लोगों, टैक्सी चालकों एवं पर्यटकों को नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी।

## डोडा पोस्त के साथ 3 तीन लोग गिरफ्तार

**प्रशिक्षण**

**कलियर पुलिस ने हकीमपुर तुर्रा गांव के सैनी ढाबे के पास से कार सवार 03 लोगों को पकड़ा है**




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत चलाए जा रहे तथा तलाशी अभियान के दौरान कलियर पुलिस ने हकीमपुर तुर्रा गांव के सैनी ढाबे के पास से कार सवार 03 लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने इनके पास से 35 किलो 400 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया। गिरफ्तार आरोपितों में अनिल कुमार पुत्र स्व. ईशम सिंह निवासी चाणचक थाना बिहारीगढ़ जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश, मेनपाल उर्फ मोनू पुत्र कंवरपाल तथा शिवकुमार पुत्र कुंवरपाल निवासी ग्राम हकीमपुर तुर्रा थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार शामिल हैं।थाना अध्यक्ष दिलबर सिंह नेगी ने बताया कि तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। डोडा तस्करी में प्रयुक्त की जा रही कार को सीज कर दिया गया है।

## चारधाम यात्रा को लेकर स्पष्ट नीति बनाने की मांग

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व जिला पंचायत सदस्य उषा रावत ने शनिवार को प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजकर चारधाम यात्रा को लेकर एक स्पष्ट नीति बनाये जाने की मांग की है।
पूर्व जिला पंचायत सदस्य का कहना है कि चारधाम यात्रा में सरकार लगातार कह रही है कि तीर्थ यात्रियों के साथ ही पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है लेकिन स्थानीय लोगों के व्यवसायों में गिरावट आती जा रही है। इसका कारण है स्पष्ट नीति का न होना। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान सरकार ने पंजीयन को अनिवार्य कर दिया, जिस कारण काफी तीर्थयात्री अपने तय समय पर यात्रा पर नहीं आ पाया। वहीं जिन लोगों ने पूर्व से ही अपने होटल, लॉज की बुकिंग की थी, यात्रा पर नहीं आने के कारण उन्हें रद्द करवाना पड़ा। इससे यहां के व्यवसायिकों को काफी नुकसान झेलना पड़ा है। उन्होंने कहा कि पहले यात्रा काल के दौरान गेट सिस्टम की व्यवस्था थी जिससे धामों में दर्शन और रुकने की व्यवस्था हो जाती थी। साथ आठ बजे रात्रि के बाद वाहनों के आवागमन पर भी रोक थी, जिससे स्थानीय व्यवसायियों को इसका लाभ मिलता था।

## सीए सप्ताह के पांचवें दिन खेल दिवस का आयोजन




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आईसीएआई की हरिद्वार शाखा द्वारा आयोजित किये जा रहे सीए सप्ताह के पांचवें दिन शनिवार को खेल दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन अचीवर्स होम पब्लिक स्कूल में किया गया।
इस अवसर पर अध्यक्ष सीए गिरीश मोहन ने कहा कि सबके जीवन में खेल बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। खेल लोगों को स्वस्थ व मजबूत बनाये रखते हैं।
खेल दिवस कार्यक्रम में बैडमिंटन का मैच रखा गया, जिसमें सीए सदस्यों ने बैडमिंटन खेलकर अपनी प्रतिभा दिखायी। बैडमिंटन के फाइनल मैच में सीए अभिनव गुप्ता प्रथम स्थान पर रहे व सीए सौरभ अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे। इस मैच में कुल 13 सीए प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## संपादकीय

# विश्व को वृक्ष-वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता

**वातावरण में** तनाव है। पृथ्वी का ताप बढ़ रहा है। सभी जीव व्यथित हैं। प्रकृति में अनेक जीव हैं। सब शुद्ध प्राण वायु पर निर्भर हैं। प्राण वायु का मुख्य स्रोत वनस्पतियां हैं। भारतीय राष्ट्रजीवन में वनस्पतियां, औषधियां देवता की श्रेणी में हैं। पीपल, बरगद, नीम, बेल आदि वृक्षों की उपासना होती है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि, "पीपल का वृक्ष मैं ही हूं।" भारत की तरह दुनिया के किसी भी अन्य देश, संस्कृति व सभ्यता में वनस्पतियों और वृक्षों को नमस्कार नहीं किया गया। वनस्पतियों के कारण पर्यावरण शुद्ध रहता है। दुर्भाग्य से सारी दुनिया में वन क्षेत्र घटा है। भूमण्डलीय ताप बढ़ा है। वर्षा चक्र गड़बड़ाया है। यहां भारत में वैदिक काल से लेकर पुराण और महाभारत में वनस्पतियों और वृक्षों को विशेष आदर के साथ याद किया गया है। उन्हें देवता जाना गया है। हिन्दू मन वृक्ष वनस्पति की कटान पर आहत होता है। विकास का आधुनिक माडल वनस्पति प्रेमी नहीं है। विश्व को वृक्ष वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता है। वृक्ष बोलते हैं संभवतः। सुनते अवश्य हैं। उनसे वार्ता करना आनंद का अनुभव है। एक शोध के अनुसार जिस पौधे से प्रेमपूर्ण वार्ता होती है, वह जल्दी बढ़ता है। पौधों को ध्यान और प्रेम से देखने वाले प्रसन्न रहते हैं। पेड़ पौधे आपस में भी बातें करते होंगे। वे वृक्ष प्रेमी को देखते ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे कुल्हाड़ी लेकर आने वाले 'पेड़ कटवा' को देखकर सहम जाते हैं। गहन उदास होते हैं। वृक्ष वनस्पति हमारे परिजन हैं। इन्हें खिलने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। बीज से वृक्ष, वृक्ष से फूल और फूलों से बीज का वर्तुल पूरा होना चाहिए। वनस्पतियां ढेर सारी हैं लेकिन सोम वैदिक पूर्वजों की सर्वाधिक प्रिय वनस्पति है। ऋषियों ने सोम को बहुत बड़ा देवता बताया है। ऋग्वेद के नवें मण्डल में 144 सूक्त हैं। इन सभी सूक्तों के देवता सोम हैं। ऋग्वेद में सोम का अनेक प्रसंगों में उल्लेख है। सोम को सारी वनस्पतियों का राजा भी कहा गया। (9.114.2) सोम वनस्पति से रस निकाला जाता था। वैदिक अभिजन सोम को स्फूर्ति प्रदान करने वाला पेय मानते थे। सोमरस का प्रयोग पीने के लिए तो किया ही जाता था। यज्ञ में इस रस की आहुतियां भी दी जाती थीं। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय भी था। पूर्वज मानते थे कि सोमरस पीने से मनुष्यों को अमृत्व की प्राप्ति होती है। आर्यों की ईरानी शाखा में 'होम' वनस्पति की चर्चा है। पारसियों के धर्मग्रन्थ अवेस्ता में सोम को होम लिखा गया है। पूर्वज सैकड़ों वर्ष पहले वनस्पतियों के गुण धर्म से परिचित थे। ऋग्वेद में औषधि विज्ञान सम्बंधी एक सूक्त के देवता औषधि हैं। ऋषि कहते हैं, "हे औषधियों आपके सहस्त्रों नाम हैं। सहस्त्रों अंकुर हैं। आप हमें आरोग्य दें।" वे औषधियों की रोग निवारक शक्ति की तुलना घोड़े की शक्ति से करते हैं। स्तुति है, "आप गतिशील घोड़े की तरह रोगों को तेजी से दूर करती हैं। आप हमें सुख दें।" खास बात यह है कि वे औषधियों को माता बताते हैं। कहते हैं कि, "आप माता की तरह पालन गुणों से युक्त हैं। हमारी प्रार्थना सुनें।" वनस्पतियां औषधियां माता हैं। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां निकट हैं। कुछ दूरी पर हैं।" कवि को विश्वास है कि, "औषधियां उनकी प्रार्थना सुनती हैं।" अथर्ववेद में भी औषधियों वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद का एक पूरा सूक्त औषधियों पर ही है।

# आखिर क्यों चुप्पी साध गई पक्षियों की चहचाहट?

डॉ. सत्यवान सौरभ

"कीटनाशक और अन्य विषाक्त पदार्थ के कारण यूएस फिश एंड वाइल्ड लाइफ सर्विस का अनुमान है कि हर साल लगभग 72 मिलियन पक्षी कीटनाशक विषाक्तता से मर जाते हैं। पक्षियों पर कीटनाशकों के वास्तविक प्रभाव का आकलन करना मुश्किल है : प्रदूषण और विषाक्त पदार्थ उप-घातक प्रभाव पैदा कर सकते हैं जो सीधे पक्षियों को नहीं मारते हैं, लेकिन उनकी लंबी उम्र या प्रजनन दर को कम करते हैं। कीटनाशकों के अलावा, भारी धातुओं (जैसे सीसा) और प्लास्टिक कचरे सहित अन्य संदूषक भी पक्षियों के जीवन काल और प्रजनन सफलता को सीमित करते हैं। तेल और अन्य ईंधन रिसाव का पक्षियों, विशेष रूप से समुद्री पक्षियों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तेल पक्षियों के पंखों का सबसे बड़ा दुश्मन है"

**पक्षियों को प**र्यावरण की स्थिति के सबसे महत्वपूर्ण संकेतकों में से एक माना जाता है। क्योंकि वे आवास परिवर्तन के प्रति संवेदनशील हैं और पक्षी पारिस्थितिकीविद् के पसंदीदा उपकरण हैं। पक्षियों की आबादी में परिवर्तन अक्सर पर्यावरणीय समस्याओं का पहला संकेत होता है। चाहे कृषि उत्पादन, वन्य जीवन, पानी या पर्यटन के लिए पारिस्थितिक तंत्र का प्रबंधन किया जाए, सफलता को पक्षियों के स्वास्थ्य से मापा जा सकता है। पक्षियों की संख्या में गिरावट हमें बताती है कि हम आवास विखंडन और विनाश, प्रदूषण और कीटनाशकों, प्रचलित प्रजातियों और कई अन्य प्रभावों के माध्यम से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

हाल ही की एक रिपोर्ट, 'स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स बर्ड्स' के अनुसार, दुनिया भर में मौजूदा पक्षी प्रजातियों में से लगभग 48 फीसदी आबादी गिरावट के दौर से गुजर रही है या होने का संदेह है। प्राकृतिक प्रणालियों के महत्वपूर्ण तत्वों के रूप में पक्षियों का पारिस्थितिक महत्व है। पक्षी कीट और कृंतक नियंत्रण, पौधे परागण और बीज फैलाव प्रदान करते हैं जिसके परिणामस्वरूप लोगों को ठोस लाभ होता है। कीट का प्रकोप सालाना करोड़ों डॉलर के कृषि और वन उत्पादों को नष्ट कर सकता है। पर्पल मार्टिंस लंबे समय से हानिकारक कीटनाशकों के स्वास्थ्य और पर्यावरणीय लागत (आर्थिक लागत का उल्लेख नहीं) के बिना कीट कीटों की आबादी को काफी हद तक कम करने के एक प्रभावी साधन के रूप में जाना जाता है। पक्षी प्राकृतिक प्रणालियों में कीड़ों की आबादी को कम करने और बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्वी जंगलों में पक्षी 98 प्रतिशत तक बुडवार्म खाते हैं और 40 प्रतिशत तक सभी गैर-प्रकोप कीट प्रजातियों को खाते हैं। इन सेवाओं का मूल्य 5,000 डॉलर प्रति वर्ष प्रति वर्ग मील वन पर रखा गया है, संभावित रूप से पर्यावरण सेवाओं में अरबों डॉलर में अनुवाद किया जा सकता है। पक्षियों और जैव विविधता के नुकसान का सबसे बड़ा खतरा आवासों का विनाश और क्षरण है। पयार्वास के नुकसान में प्राकृतिक क्षेत्रों का विखंडन, विनाश और परिवर्तन शामिल है, जिन्हें पक्षियों को अपने वार्षिक या मौसमी चक्र को पूरा करने की आवश्यकता होती है।



**कीट का प्रकोप सालाना करोड़ों डॉलर के कृषि और वन उत्पादों को नष्ट कर सकता है। पर्पल मार्टिंस लंबे समय से हानिकारक कीटनाशकों के स्वास्थ्य और पर्यावरणीय लागत (आर्थिक लागत का उल्लेख नहीं) के बिना कीट कीटों की आबादी को काफी हद तक कम करने के एक प्रभावी साधन के रूप में जाना जाता है**

1800 के दशक के बाद से अधिकांश पक्षी विलुप्त होने के लिए आक्रामक प्रजातियां जिम्मेदार हैं, जिनमें से अधिकांश समुद्री द्वीपों पर हुई हैं। उदाहरण के लिए, अकेले हवाई में, आक्रामक रोगजनकों और शिकारियों ने 71 पक्षी प्रजातियों के विलुप्त होने में योगदान दिया है। कुछ पक्षियों का अवैध शिकार वाणिज्यिक और निर्वाह उद्देश्यों के लिए, भोजन के लिए, या उनके पंखों के लिए किया जाता है। ऐतिहासिक रूप से, कुछ प्रजातियों का अत्यधिक शिकार विलुप्त होने का प्रमुख कारण रहा है। स्थानीय स्तर पर निर्वाह के शिकार के परिणामस्वरूप शायद ही कभी प्रजातियों का विलोपन होता है।

व्यावसायिक शिकार से किसी प्रजाति के मरने की संभावना अधिक होती है।

जलवायु परिवर्तन से आवास के नुकसान और आक्रामक प्रजातियों के खतरों के साथ-साथ नई चुनौतियों का निर्माण करने का खतरा है, जिन्हें पक्षियों को दूर करना होगा। इसमें आवास वितरण में बदलाव और चरम खाद्य आपूर्ति के समय में बदलाव शामिल है जैसे कि पारंपरिक प्रवासन पैटर्न अब पक्षियों को नहीं रख सकते हैं जहां उन्हें सही समय पर होने की आवश्यकता होती है। अन्य मानव निर्मित संरचनाओं के साथ टकराव भी एक इनकी मौत का कारण है। उदाहरण के लिए, पावरलाइन पक्षियों के लिए एक खतरा पेश करती है, विशेष रूप से बड़े पंखों वाले, और हर साल 25 मिलियन पक्षियों की मौत का अनुमान है। संचार टावरों का अनुमान है कि हर साल 7 मिलियन पक्षियों की मौत हो जाती है और रात में प्रवास करने वाले पक्षियों के लिए एक विशेष खतरा पैदा होता है।

कीटनाशक और अन्य विषाक्त पदार्थ के कारण यूएस फिश एंड वाइल्ड लाइफ सर्विस का अनुमान है कि हर साल लगभग 72 मिलियन पक्षी कीटनाशक विषाक्तता से मर जाते हैं। पक्षियों पर कीटनाशकों के वास्तविक प्रभाव का आकलन करना मुश्किल है: प्रदूषण और विषाक्त पदार्थ उप-घातक प्रभाव पैदा कर सकते हैं जो सीधे पक्षियों को नहीं मारते हैं, लेकिन उनकी लंबी उम्र या प्रजनन दर को कम करते हैं। कीटनाशकों के अलावा, भारी धातुओं (जैसे सीसा) और प्लास्टिक कचरे सहित अन्य संदूषक भी पक्षियों के जीवन काल और प्रजनन सफलता को सीमित करते हैं। तेल और अन्य ईंधन रिसाव का पक्षियों, विशेष रूप से समुद्री पक्षियों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तेल पक्षियों के पंखों का सबसे बड़ा दुश्मन है है, जिससे पंख अपने जलरोधक गुणों को खो देता है और पक्षी की संवेदनशील त्वचा को अत्यधिक तापमान में झुलसा देता है।

जीना दूभर है हुआ, फैले लाखों रोग ।
जब से हमने है किया, हरियाली का भोग ।।
शहरी होती जिंदगी, बदल रहा है गांव ।
धरती बंजर हो गई, टिके मशीनी पांव ।।

दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त पक्षी प्रजातियों की रक्षा करें,महत्वपूर्ण जैव विविधता वाले क्षेत्रों में पक्षी सर्वेक्षण करना,पक्षियों की रक्षा के लिए आर्द्रभूमि की रक्षा करें संरक्षण रणनीति में जनसंख्या बहुतायत और परिवर्तन का विश्वसनीय अनुमान लगाना शामिल है। अधिक कटाई वाले जंगली पक्षियों की मांग में कमी के लिए नए और अधिक प्रभावी समाधान बड़े पैमाने पर लागू किए गए। हरित ऊर्जा संक्रमण की निगरानी करना जो अनुपयुक्त तरीके से लागू किए जाने पर पक्षियों को प्रभावित कर सकते हैं। पक्षी पर्यावरणीय स्वास्थ्य के अत्यधिक दृश्यमान और संवेदनशील संकेतक हैं। उनका नुकसान जैव विविधता के व्यापक नुकसान और मानव स्वास्थ्य और कल्याण के लिए खतरे का संकेत देता है। इस प्रकार, हमें तेजी से बड़े पैमाने पर विलुप्त होने की गति को कम करने के लिए प्रकृति पर बढ़ते मानव पदचिह्न को कम करने के लिए सरकार, पर्यावरणविदों और नागरिकों के समन्वित कार्यों की आवश्यकता है।

सच्चा मंदिर है वही, दिव्या वही प्रसाद ।
बंटते पौधे हों जहां, संग थोड़ी हो खाद ।।
पेड़ जहां नमाज हो, दरख्त जहां अजान।
दरख्त से ही पीर सब, दरख्त से इंसान ।।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## कविता

**मां आंचल की छांव.**
**पिता कर्मयोगी ’**

पिता प्रयोग धर्मी होतें हैं,
और माँ की ममता भावुक।।
पिता सिर्फ समझते हैं,
कर्म और धर्म की बोली,
माँ दिल की धड़कने ।
माँ समझती हैं बेटे का हाल,
बेटे के अरमानों का आकाश ,
दिल के भीतर की हलचल,
हृदय का स्पंदन,धड़कने।
चेहरे के हाव-भाव,
दोस्तों की आवारगी,
धड़कनो की सिसकियाँ,
बढ़ते अरमानो की,
लम्बी लंबी फरमाईसे,
प्रेमिका के सपने ,
और
टूट जाना किसी के लिए दिल का,
माँ सब कुछ जान जाती हैं ।।
पिता होते हैं सख्त,मजबूत
निर्विकार,
कड़क,
सीधे किसी से समझौता न करने
कटिबद्ध,अनुभवी,चट्टान की तरह,
माँ होती है
भोली, नादान और सहज वात्सल्य से
ओतप्रोत,
उनके चेहरे पर ही होता माँ होंने का अहसास.
पिता के चहरे पर,
इसकी जरुरत नहीं होती।

संजीव

# इस रूट के सभी घोड़े हिनहिना रहे हैं

डॉ. सुरेश कुमार

**पुराने मा**लिक ने अपने गुम हुए घोड़ों से बात करने के लिए फोन लगाया। दूसरी ओर से जवाब आया झ इस रूट के सभी घोड़े हिनहिना रहे हैं। पुराने मालिक के पास जिन घोड़ों को पानी, चना और अस्तबल मिलता था, उन्हीं को नए मालिक के पास मधुशाला की असीम धारा, मुर्ग मुसल्लम और आलीशान होटलों का बंपर ऑफर मिलता है। ऐसे घोड़े महंगा-महंसा फोन इस्तेमाल करते हैं, लेकिन स्विचॉफ करके। इनकी आँखों पर माया की पट्टी बांधकर कभी कहीं एयरपोर्ट तो कहीं महंगी चार चक्का के ताम-झाम में नए मालिक के इशारों पर हिनहिनाने के लिए बंजारों की तरह इधर से उधर घुमाने के लिए नाक में नकेल डाल दी जाती है। इशारों के नकेली घोड़े नोटों की हरी-हरी घांस चरते हुए नए मालिक के लिए हिनहिनाते हुए स्वयं को भाग्यवान समझते हैं। इसे ही आसान शब्दों में हॉर्स ट्रेडिंग कहा जाता है। किताबों में पढ़ा था कि फलाँ शताब्दी में जब घोड़ों के व्यापारी अच्छी नस्ल के घोड़ों की खरीद-फरोख्त करते थे और कुछ अच्छा पाने के लिए किसी तरह के जुगाड़ या चालाकी के लिए जो तकनीक अपनाते थे, उसे ही हॉर्स ट्रेडिंग कहा गया। बताया जाता है कि इस दौरान व्यापारी अपने घोड़ों को कहीं पर छुपा देते थे, कहीं पर बांध देते थे या फिर किसी और अस्तबल में पहुंचा देते थे। फिर अपनी चालाकी, पैसों के लेन-देन के दम पर सौदा करते थे। राजनीति में हॉर्स ट्रेडिंग ठीक इसके विपरीत होता है। जो पहुँचा हुआ होता है वह उतना ही नीचा काम करने के लिए जाना जाता है। वह सबसे पहले अच्छे घोड़ों के बदले छंटे हुए बदमाश, नोटों की हरी-हरी घांस के लिए माँ-बहन बेचने वाले, सबसे घटिया किस्म के खच्चर टाइप के नेताओं की तलाश करते हैं। चूंकि ये नोटों की हरी-हरी घांस खाने के सिद्धांत के परम उपासक होते हैं, इसलिए इन्हें मनचाहा घांस फेंककर दूसरों की घांस पर मुँह मारने से वंचित रखते हैं। यही खच्चर टाइप के घोड़े जब अपनी विश्वसनीयता सिद्ध करने के लिए अंतिम जगह पर पहुँचते हैं तब एक साथ जोर से हिनहिनाने लगते हैं। उनके हिनहिनाने में यह साफ होता है कि हम पुराने मालिक की सूखी-सूखी घांस से उबिया गए थे। अब हम नए मालिक की हरी-हरी घांस में मजा आ रहा है। इसलिए हम नए मालिक का ही फेंका हुआ घांस खायेंगे। हम इनके लिए जहाँ कहें वहाँ, जब कहें तब, जैसे कहें वैसे हिनहिनाने के लिए तैयार हैं। हमारी विशेषता यह है कि हम कभी नहीं बैठते। पता नहीं कौन कब कहाँ दौड़ने छिपने और हरी खांस वाले नोट खाने के लिए कह दे। हम केवल मरते समय जमीन चाटते हैं, वरना मरते दम तक नीयत बदलने के लिए खड़े रहने में हमारा सानी कौन हो सकता है! समय बदलता रहता है, लेकिन हम नहीं बदलते। जब तक हम हैं तब तक हिनहिनाना है। जब तक नोटों की हरी-हरी घांस है तब तक हमारा मुँह मारने का सिलसिला जारी रहता है। काश महाराणा प्रताप का चेतक और महारानी लक्ष्मीबाई का पवन भी हमारे साथ होता। उन्हें भी हम हिनहिनाना सिखा देते। दुर्भाग्य से वे बिना हिनहिनाए इस दुनिया से चल बसे।

## विचार

# संस्कार संस्कृति को नकारती नई पीढ़ी

संजीव

नई युग के रूपांतरण के साथ ही संयुक्त परिवार का विघटनकारी स्वरूप सामने आने लगा है बुजुर्ग लोगों को वृद्धा-आश्रम के हवाले सौंपने के पश्चात नौजवान पीढ़ी अपने एकल परिवार को लेकर अलग-अलग निवास करने लगी है और इसी के फल स्वरुप भारतीय संस्कृति तथा संस्कारो को नकारती हुई पाश्चात्य संस्कृति को आत्मसात करने में लगी हुई है। भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन तार्किक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैं' विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं।

पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आया बारिशों का मौसम

डॉ घनश्याम बादल

भीषण गर्मी के बाद जब बारिश की रिमझिम फुहारें पड़ती हैं तो तन और मन दोनों को भारी सुकून मिलता है और गर्मी में शरीर पर उभर आई घमौरियां भी खुद ब खुद हटने लगती हैं। इतना ही नहीं बारिश में नहाने का तो मजा ही अलग है । प्रकृति की सौगात बनकर आती है आषाढ़ की पहली बारिश ।

एक तरह से गर्मी से त्रस्त मनुष्यों एवं दूसरे जीवों की गुहार से ऐसा लगता है जैसे बादलों का मन पसीज कर नीचे आ गया हो । बेशक बारिश का मौसम सुहावना होता है खास तौर पर बच्चों के लिए तो मस्ती का मौसम है बारिश का मौसम।

लेकिन कई बार बरसात का मौसम अपने साथ कई मुसीबतें लेकर आता है। एक तो गर्मी व उमस की मार, ऊपर से चटपटा खाने का मन और पेट के खराब होने का पूरा चांस । हरी सब्जियां यूँ तो बहुत सारी आने लगती हैं मगर कीमत व स्वाद की दृष्टि से कम ही रूचिकर लगती है। ऊपर से संक्रमण का डर हमेशा बना रहता है। ऐसे में मन जब अनायास ही चटपटी, बाजारू चाट पकौड़ियों, शीतल पेय, शर्बतों, लस्सियों या जलजीरा वालों की तरफ खिंचा चला जाता है कटे हुए टमाटर व तरबूज तथा आईस्क्रीम पर तो बच्चे टूट ही पड़ते हैं तब यही आकर्षण अक्सर आंत्रशोथ या पेचिश का कारण बन जाता है। गन्ने का रस तो एक प्रकार से स्वास्थ्य का दुश्मन ही साबित होता है बारिश के मौसम में और तरबूज तथा खरबूजा का स्वाद बिगड़ जाता है तथा यह फल स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हो जाते हैं इतना ही नहीं दही जैसी पौष्टिक वस्तु भी बारिश के मौसम में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो जाती है ।

बाजार में ठेलों या दुकान से कटे हुए फल, खुले खाद्य पदार्थ, बिना धुला सलाद व हरी सब्जियां, बिना हाथ धोए कुछ भी खा लेना, बासी और आठ घण्टे से ज्यादा का बना भोजन, बिना फ्रिज की रखी लस्सी, शर्बत,, बिना फिल्टर किया पानी, मक्खियों से लथपथ खुले में रखे चाट-पकौड़े, मिठाईयां, लोकल आईसक्रीम व शीतलपेय ही नहीं, गन्ने के रस जैसे प्राकृतिक किंतु असुरक्षित पेय भी आंत्रशोथ के कारण बनते है।

# आकांक्षी डॉक्टरों के लिए भविष्य क्या है?

विजय गर्ग

**2024** में, लगभग 23.33 लाख छात्रों ने ठएएळ-वक्रृपरीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जिनमें से लगभग 13 लाख छात्र 4 जून को घोषित परिणामों में उत्तीर्ण हुए। विसंगतियों और पेपर लीक के आरोपों के बाद, 1,563 में से 813 छात्र 23 जून को दोबारा परीक्षा में शामिल हुए, जिसके परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। इस बीच, एनईईटी-यूजी पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई ने जारी रखी है, जबकि एनईईटी-यूजी काउंसलिंग जुलाई में शुरू होने वाली है। जैसे ही छात्र इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करते हैं, कैरियर विशेषज्ञ हमें यह समझने में मदद करते हैं कि स्नातक चिकित्सा उम्मीदवारों के लिए भविष्य क्या है। परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ अभ्यर्थियों ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। फोटोः एएनआई फोटो लगभग एक दशक पहले, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा पहले आयोजित अखिल भारतीय प्री मेडिकल टेस्ट की अनियमितताओं और कदाचारों से निपटने के लिए एक समाधान के रूप में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) परीक्षा की सिफारिश की गई थी। विरोध प्रदर्शनों और राजनीतिक बहसों की एक श्रृंखला के बाद, ठएएळ-वक्रृ को अंततः भारत में स्नातक चिकित्सा कार्यक्रमों में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों के लिए एकल राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के रूप में अपनाया गया। जबकि परीक्षा हर साल अपने सख्त ड्रेस कोड और जिस तरह से उम्मीदवारों, विशेष रूप से युवा महिलाओं की परीक्षा केंद्र पर तलाशी ली जाती है, को लेकर विवाद जारी है, लेकिन ऐसे विशेषज्ञ भी हैं जो मानते हैं कि यह राज्य बोर्डों के छात्रों के लिए नुकसानदेह है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा जिस तरह से परीक्षा आयोजित की गई है उसमें अनियमितताओं के विभिन्न उदाहरणों के बारे में भी काफी चर्चा हुई है। इस साल, परीक्षा - जो 5 मई को आयोजित की गई थी - देश के कई केंद्रों पर छात्रों द्वारा कथित तौर पर नकल करने की खबरों के कारण सुर्खियों में आई, इसके बाद प्रश्नपत्र लीक होने और छात्रों को परीक्षा पूरी करने के लिए निर्धारित समय से कम समय दिए जाने की खबरें आईं।

## ब्रिंदा और दीपा मलिक को 'यूके-इंडिया अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और पैरालंपियन दीपा मलिक को विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले भारतीयों के सम्मान के लिए आयोजित एक समारोह में विशेष पुरस्कार से नवाजा गया है। लंदन में आयोजित 'इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ)' के वार्षिक 'यूके-इंडिया अवार्ड्स 2024' में सकारात्मक सामाजिक बदलाव के लिए अरुणाचलम मुरुगनाथम 'ग्लोबल इंडियन आइकॉन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उनके के साथ-साथ खेल के इन दिग्गजों को सम्मानित किया गया। मुरुगनाथम के जीवन पर 2018 में अक्षय कुमार की फिल्म 'पैडमैन' रिलीज हो चुकी है। इस मौके पर बिंद्रा ने उम्मीद जतायी की भारतीय खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में अच्छा करेंगे। उन्होंने कहा, ''टोक्यो में हमने सात पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। मुझे उम्मीद है कि पेरिस में हमारा प्रदर्शन उससे बेहतर होगा। उम्मीद है कि हम अपनी पहली महिला ओलंपिक चैम्पियन (स्वर्ण पदक विजेता) को देखेंगे।'' भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता और भारत की पैरालंपिक समिति की पूर्व अध्यक्ष डॉ. दीपा मलिक ने पैरालंपिक के लिए इसी तरह की बातें कहीं। उन्होंने कहा, ''पैरालंपिक में भारत का पेरिस 2024 में प्रदर्शन टोक्यो से बेहतर होगा। हम अधिक खेल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। पिछली बार हमने नौ खेलों में भाग लिया था, इस बार हम 12 खेलों में भाग ले रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। हमें वहां पदक संख्या बढ़ने की अधिक संभावना दिखती है।''

## ओलंपिक से पहले भारत को बड़ा झटका, दावेदार डीपी मनु डोपिंग मामले में निलंबित

एजेंसी

**पंचकुला।** ओलंपिक क्वालिफिकेशन के दावेदार माने जा रहे भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने प्रतिबंधित स्टेरॉयड के सेवन के आरोप में अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि मनु का पॉजीटिव टेस्ट इस साल अप्रैल में इंडियन ग्रां प्री के दौरान लिया गया था। इससे पहले उन्हें नाडा के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने प्रतिस्पर्धाओं से परे रहने के लिये कहा था । एशियाई चैम्पियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले 24 साल के इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना लगभग तय है। वह यहां गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे। लेकिन बाद में जारी की गयी सूची से उनका नाम हटा दिया गया। एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि नाडा ने महासंघ से मनु को प्रतियोगिताओं से रोकने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि एथलीट ने डोपिंग अपराध किया है या नहीं।

## फाइनल जीतने के लिए हमें दक्षिण अफ्रीका को चोक कराना होगा : कीर्ति आजाद

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने आईसीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से पुरुष टी20 विश्व कप के लिए मुकाबला करना है। भारत इसी के साथ 13 साल के आईसीसी ट्रॉफी न जीत पाने के सूखे को दूर करने की उम्मीद कर रहा है। वहीं, दक्षिण द्यअफ्रीका भी 28 सालों में पहला पहला विश्व कप जीतने की आस में है। कई लोगों को लगता है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व कप में चौकर्स के टैग के कारण फाइनल में परेशान हो सकती है। ठीक ऐसा ही टैग भारतीय टीम के नाम पर भी है जब वह आईसीसी इवेंट्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलती है। फिलहाल टी20 विश्व कप फाइनल कौन जीतेगा, संबंधी सवाल पर 1983 विश्व कप विजेता ऑलराउंडर कीर्ति आजाद ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के बारे में बात करना बहुत मुश्किल है क्योंकि यह पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। उन्हें 'चोकर्स' भी कहा जाता था क्योंकि सेमीफाइनल में उनका दम घुटने लगता था, इसलिए यह अनुमान लगाना मुश्किल होगा कि वे फाइनल में कैसा प्रदर्शन करेंगे। लेकिन हां, वे जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और भारत को सावधान रहना होगा कि वह बहुत अधिक आत्मसंतुष्ट न हो जाए और हम खेल को खत्म न कर दें। उम्मीद यही रहेगी कि हम अच्छा स्कोर बनाएं।

## दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल होगा- टी20 विश्व कप फाइनल पर रिकी पोंटिंग की दो टूक

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना ??है कि दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ फाइनल में कुछ खास करने की जरूरत नहीं है। भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहने के साथ फाइनल में उतरेंगे। दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में अपने ऐतिहासिक सफर में सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराया, जबकि भारत ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन इंग्लैंड को हराकर 2011 के बाद अपना पहला विश्व कप खिताब जीता। एडेन मार्कराम की अगुवाई वाली टीम अपना पहला विश्व कप फाइनल खेलेगी और पोंटिंग को लगता है कि यह प्रोटियाज खिलाड़ियों के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है। पोंटिंग ने कहा कि बहुत-सी टीमें कहती हैं यह सिर्फ एक और खेल है और वे इस अवसर से बचने की कोशिश करती हैं कि यह कितना बड़ा अवसर है। यह सब इसे वैसे ही स्वीकार करने के बारे में है जैसा यह है।

# विंबलडन: गत चैम्पियन अल्कराज क्वालीफायर मार्क लाजल के खिलाफ करेंगे अभियान की शुरुआत

एजेंसी

**लंदन।** गत चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अल्कराज विंबलडन में एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क लाजल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम के लिए ड्रॉ की घोषणा की गई।

21 वर्षीय अल्कराज ने पिछले साल फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को पाँच सेटों के संघर्ष में हराकर खिताब जीता था। इस साल, वे पहली बार फ्रेंच ओपन में जीत हासिल कर एक और बड़ी ट्रॉफी के साथ ऑल इंग्लैंड क्लब पहुँचे।

दूसरी तरफ लाजल को अभी तक ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ का कोई अनुभव नहीं है, उन्होंने तीसरे क्वालिफ़िकेशन राउंड में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ को हराकर टूर्नामेंट में प्रवेश किया है।24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच का सामना पहले दौर में चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा से होगा, जबकि इटली के



विश्व नंबर 1 जननिक सिनर का सामना जर्मन दिग्गज यानिक हनफमैन से होगा। 32वें वरीयता प्राप्त चीन के झांग झिझेन का पहले दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर मैक्सिम जांवियर से मुकाबला होगा, जबकि उनके हमवतन शांग जुनचेंग का सामना चिली के पूर्व विश्व शीर्ष 20 खिलाड़ी क्रिस्टियन गारिन से होगा।

महिला एकल में, पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और विश्व की नंबर 1 पोलैंड की इगा स्विएटेक को अपने पहले मैच में पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सोफिया केनिन से कड़ी चुनौती मिल सकती है। गत चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा की पहली प्रतिद्वंद्वी स्पेन की जेसिका मानेरो हैं, जबकि दो बार की उपविजेता ट्यूनीशिया की ओन्स जबूर को जापान की मोयुका उचिजिमा से खेलना है। चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन का सामना न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लुलु सन से होगा। विंबलडन में झेंग का सर्वश्रेष्ठ परिणाम 2022 में तीसरे दौर में समाप्त होना था। 2022 में पेशेवर बनने के बाद से चीनी खिलाड़ी ने तेजी से प्रगति की है, वह पिछले साल के यूएस ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने से पहले इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंची थीं।

## ओलंपिक जाने वाली रिले धाविका किरण पहल ने स्वर्ण जीता, 50.92 सेकंड का समय निकाला

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ओलंपिक जा रही हरियाणा की किरण पहल ने राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में 50 . 92 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीत लिया। किरण ने 50.95 सेकंड का ओलंपिक क्वालिफाइंग मार्क दूसरी बार पार किया। हरियाणा की दीपांशी ने रजत और आंध्र प्रदेश की ज्योतिका श्री दंडा ने कांस्य पदक जीता। ज्योतिका भी पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की सदस्य है। मध्यम दूरी के धावक परवाज खान ने 1500 मीटर में तीन मिनट 42.95 सेकंड के साथ स्वर्ण जीता। पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर में 10.32 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। ओडिशा के अनिमेष कुजुर को रजत और असम के अमलान बोरगोहेन को कांस्य पदक मिला। महिला वर्ग में कर्नाटक की एस एस स्नेहा विजयी रहीं। महिलाओं के 1500 मीटर वर्ग में के एम दीक्षा तीसरे स्थान पर रही, जबकि पश्चिम बंगाल की लिली दास ने जीत दर्ज की। दिल्ली की चंदा दूसरे स्थान पर रही। पुरूषों के 400 मीटर फाइनल में मोहम्मद अनस ने फोटो फिनिश में मुहम्मद अजमल को हराया।

# अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप : गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर रेस में जीता स्वर्ण

एजेंसी

**पंचकुला।** धावक गुरिंदरवीर सिंह 63वीं अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन 100 मीटर की दौड़ 10.32 सेकंड में पूरी कर भारतीय ट्रैक पर सबसे तेज धावक बनकर उभरे।

गुरिंदरवीर ने रेस के बाद कहा, पिछले दो सालों में बहुत से लोगों ने कहा था कि मैं अब दौड़ से बाहर हो चुका हूँ, मैं 10.50 सेकंड से कम समय में दौड़ नहीं पाऊँगा, मुझमें अब कुछ भी नहीं बचा है। यह जश्न बाकी धावकों के लिए नहीं बल्कि उन लोगों के लिए था जो संदेह कर रहे थे।

मैदान में मौजूद अन्य धावकों में इस समय देश के दो सबसे तेज धावक - अनिमेष कुजूर और अमलान बोरगोहेन शामिल थे और इस जोड़ी ने इस इवेंट में शीर्ष तीन में जगह बनाई। गुरिंदरवीर ने कहा, मैं पिछले कुछ समय से जालंधर में अकेले ही ट्रेनिंग कर रहा हूं। मेरे पास कोच सरबजीत सिंह हैप्पी हैं, लेकिन कोई ट्रेनिंग पार्टनर नहीं है। इस तरह की प्रतियोगिता अच्छी होती है क्योंकि यह आपको बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है, लेकिन ट्रेनिंग में ऐसे प्रतियोगियों का होना और भी महत्वपूर्ण है। यही वास्तव में बेहतर होने में मदद करता है और मुझे अभी इसी की जरूरत है। हालांकि यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था, 2021 में बनाए गए उनके अपने मीट रिकॉर्ड (10.27 सेकंड, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भी है) के



करीब भी नहीं था, लेकिन 23 वर्षीय खिलाड़ी निराश नहीं थे। उन्हें लगता है कि उनके लिए फॉर्म में वापस आना बस समय की बात है।

400 मीटर में मोहम्मद अनस याहिया और मोहम्मद अजमल दोनों ने 45.93 सेकंड का समय लिया, अनस 45.926 सेकंड से आगे रहे जबकि अजमल 45.939 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

हरियाणा के मोहित कुमार ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए 46.15 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए राष्ट्रीय रिले टीम के अन्य सदस्यों अमोज जैकब, मिजो कुरियन और नोआह निर्मल टॉम से आगे तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं में स्नेहा एसएस ने 100 मीटर दौड़ जीती, जबकि किरण पहल ने एक और शानदार दौड़ लगाई और गुरुवार के 50.92 सेकंड के समय की बराबरी करते हुए आरामदायक अंतर से जीत हासिल की।

पुरुषों की लंबी कूद में जेसविन एल्ड्रिन का खराब प्रदर्शन जारी रहा, वे अपने अंतिम प्रयास में 7.32 मीटर ही दूरी तय कर पाए और क्वालीफाइंग राउंड में 8वें स्थान पर रहे। मध्य प्रदेश के कृष्णा शर्मा ने 7.60 मीटर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। तजिंदरपाल सिंह तूर की अनुपस्थिति में उत्तराखंड के अनिकेत क्वालीफाइंग राउंड में 17.56 मीटर थ्रो के साथ सर्वश्रेष्ठ शॉट-पुटर रहे।

# यूएई के बल्लेबाज मोहम्मद उस्मान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूएई के बल्लेबाज मोहम्मद उस्मान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। लाहौर में जन्मे मध्यक्रम के बल्लेबाज ने छह वर्षों में 85 अंतरराष्ट्रीय मैचों (38 वनडे और 47 टी20) में यूएई का प्रतिनिधित्व किया।

उस्मान ने फरवरी 2016 में नीदरलैंड के खिलाफ़ अपना टी20 डेब्यू किया और उसके कुछ महीने बाद स्कॉटलैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया। कुल मिलाकर, उन्होंने 38 वनडे में 31.50 की औसत से 1008 रन बनाए, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं, जबकि 47 टी20 में उन्होंने तीन अर्द्धशतकों के साथ 891 रन बनाए। वह 2016 में एशिया कप टीम का भी हिस्सा थे, जहाँ उन्होंने सात मैचों में 176 रन बनाए और यूएई के शीर्ष स्कोरर रहे।

उस्मान का जन्म लाहौर में हुआ था और उन्होंने पाँच प्रथम श्रेणी और 58 लिस्ट-ए मैच खेले हैं। उनके 1517 लिस्ट-ए रन 34.47 की औसत से आए और इसमें नौ अर्द्धशतक और एक शतक शामिल है। उन्होंने आखिरी बार फरवरी 2022 में ओमान और नेपाल के खिलाफ क्रमशः एकदिवसीय और टी20 मैच खेला था। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि रिटायरमेंट के बाद भी वह क्रिकेट का हिस्सा बने रहेंगे।प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से



उस्मान के हवाले से कहा गया, यूएई क्रिकेट टीम और क्रिकेट बोर्ड के साथ यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं अपने साथी खिलाड़ियों, कोचों और अन्य सहयोगी कर्मचारियों सहित मेरी यात्रा में भूमिका निभाने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूँ। मैं खुद को धन्य और गौरवान्वित महसूस करता हूँ कि मुझे 85 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए यूएई का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला।वमैं अपने जीवन के अगले अध्याय का इंतजार कर रहा हूँ क्योंकि मैं खेल से जुड़ा रहना चाहता हूँ। मैं यूएई टीम और खिलाड़ियों को देश में खेल के लिए बहुत ही रोमांचक समय में शुभकामनाएँ देता हूँ।

## सुमित नागल को विंबलडन में मिला कड़ा ड्रॉ, पहले दौर में इस खिलाड़ी से होगा सामना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन में मुश्किल ड्रॉ मिला है। नागल पहली बार इस टूर्नामेंट के पुरुष सिंगल्स वर्ग के मुख्य ड्रॉ में खेल रहे हैं। नागल का पहले दौर में सामना सर्बिया के मियोमिर केसमानोविच से होगा। दुनिया के 72वें नंबर के खिलाड़ी नागल की राह कठिन होगी क्योंकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के जानिक सिनर भी इसी ड्रॉ में हैं और तीसरे दौर में उनसे टक्कर हो सकती है। नागल के लिए पहले दौर की बाधा पार करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि उनका सामना रैंकिंग में अपने से 20 पायदान ऊंचे खिलाड़ी से है। वह नागल को चार साल पहले जर्मनी के कोलोन में हरा चुके हैं। नागल अगर पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा और नीदरलैंड के टालोन ग्रीक्सपूर के बीच होने वाले मैच के विजेता से टक्कर हो सकती है। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके नागल 2018 में पुरुष सिंगल्स के पहले दौर के क्वालिफायर में पोलैंड के कामिल एम से हार गए थे। नागल ने इस साल आस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करके पहले दौर में 31वीं वरीयता प्राप्त कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी। उन्होंने चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीतकर रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई। पुरुष डबल्स में भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन का सामना फ्रांस के एड्रियन मानारिनो और जियोवान्नि एम पेरिकार्ड से होगा।

# 63वीं राष्ट्रीय इंटर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मप्र के सुनील डाबर ने जीता रजत पदक

एजेंसी

**भोपाल।** हरियाणा के पंचकुला शहर में 27 से 30 जून 2024 तक 63वीं राष्ट्रीय इंटर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मप्र खेल अकादमी के खिलाड़ी सुनील डाबर ने 5000 मीटर रन स्पर्धा में 14 मिनट 02.75 सेकंड का समय लेकर रजत पदक अपने नाम किया। 63वीं राष्ट्रीय इंटर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में हुई 5000



मीटर रन स्पर्धा में स्वर्ण पदक उत्तरप्रदेश के खिलाड़ी गुलवीर सिंह ने 13 मिनट 34.67 सेकंड समय लेकर और कांस्य पदक हरियाणा के खिलाड़ी गगन सिंह ने 14 मिनट 05.66 सेकंड का समय लेकर प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ी सुनील डाबर खेलो इण्डिया यूथ गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ी है। सुनील डाबर की इस उपलब्धि पर खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये बधाई दी है।

# ताइक्कांडो चैंपियनशिप : उत्तर प्रदेश ने जीते तीन स्वर्ण, दो स्वर्ण के साथ पंजाब दूसरे नम्बर पर

एजेंसी

**लखनऊ।** अनन्या यादव, निक्स राजवंशी, मोहक श्रीवास्तव ने ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 41वीं नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप और 27वीं नेशनल पूमसे ताइक्कांडो चैंपियनशिप के पहले दिन मेजबान उत्तर प्रदेश के लिए स्वर्णिम सफलता हासिल की। पहले दिन खेले गए बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबलों में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने पहले दिन तीन स्वर्ण व एक रजत पदक जीते। दूसरी ओर पंजाब की खिलाड़ियों ने भी 2 स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, आसाम ने भी एक-एक स्वर्ण पदक जीते। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में आयोजित इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने



किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर ताइक्कांडो में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 40 खिलाड़ियों व विभूतियों को हॉल ऑफ फेम इंडिया-2024 अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि आज के समय में खेलो का महत्व बहुत बढ़ गया है। खेलो के माध्यम से खिलाड़ी का सर्वांगीण विकास होता है। उद्घाटन समारोह के दौरान भारत में ताइक्कांडो के संस्थापक ग्रैंड मास्टर जिम्मी आर जगतियानी (महासचिव ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने जानकारी दी कि 27वी नेशनल पूमसे ताइक्कांडो चैंपियनशिप के स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं का चयन भारतीय ताइक्कांडो टीम में किया जाएगा। भारतीय टीम हांगकांग में आगामी 23 से 27 नवंबर तक वर्ल्ड ताइक्कांडो पूमसे चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी।

आयोजन समिति के चेयरमैन एमएलसी पवन सिंह चौहान ने बताया कि चैंपियनशिप में प्रतियोगिता में पूरे देश के 700 से अधिक खिलाड़ी और ऑफिशियल प्रतिभाग कर रहे हैं। इस मैच में मेजबान उत्तर प्रदेश सहित असम, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमांचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, पंजाब, तमिलनाडु, पश्चिम की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

# पैरा तीरंदाजी रैंकिंग सीरीज: भारत ने चार पदकों के साथ की अभियान की शुरुआत, शीतल-सरिता की जोड़ी ने जीता स्वर्ण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की शीतल देवी और सरिता ने ग्रेट ब्रिटेन की जोडी ग्रिनहम और फोबे पैटरसन पाइन को हराकर चेक गणराज्य में चल रहे पैरा तीरंदाजी रैंकिंग श्रृंखला में महिला कंपाउंड टीम का स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने संभावित 160 में से 157 अंक बनाए और ब्रिटिश जोड़ी को हराया। भारत ने जर्मनी के खिलाफ महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में भी 6-2 से स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों की कंपाउंड टीम के फाइनल में राकेश कुमार-श्याम सुंदर स्वामी ईरान के अलीसिना मनशाएजादेह-हादी नोरी से 149-156 से हार गए और रजत पदक जीता।

भारतीय पुरुष रिकर्व टीम सेमीफाइनल में हार गई, लेकिन ईरान के खिलाफ 5-4 से कांस्य जीतने में सफल रही। शीतल को इस साल की



शुरुआत में हांग्जो एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ की रहने वाली 16 वर्षीय सरिता फोकोमेलिया नामक बीमारी से पीड़ित है, जो एक ऐसी बीमारी है जिसमें अंग विकसित नहीं होते। बिना हाथों के उसने पैरों से धनुष-बाण चलाना सीखा और दो साल पहले ही तीरंदाजी का पूर्णकालिक प्रशिक्षण शुरू किया।

दूसरी ओर, सरिता ने पैरा एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप के महिला कंपाउंड तीरंदाजी ओपन सेक्शन में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक के लिए अखिल भारतीय प्ले-ऑफ में हमवतन ज्योति बालियान को 139-135 से हराया। उन्होंने शीतल देवी के साथ टीम स्पर्धा में रजत पदक भी जीता, जिनसे वह व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में हार गई थीं।

दोनों भारतीय महिलाएँ फाइनल में जगह बनाने में विफल रहीं और कांस्य पदक के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। राकेश भी स्वर्ण पदक के लिए आगे नहीं बढ़ पाए, लेकिन पोडियम पर जगह बनाने के लिए उनका सामना फ्रांस के थिएरी जौसौमे से होगा।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका महिला टेस्ट: शैफाली वर्मा ने लगाया दोहरा शतक, मंधाना ने खेली शतकीय पारी

एजेंसी

**चेन्नई।** यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच के पहले दिन भारत की सलामी जोड़ी स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों की धज्जियाँ उड़ाते हुए अपना दबदबा दिखाया। मंधाना के 149 रनों और शैफाली के शानदार दोहरे शतक (जिसमें आठ छक्के शामिल थे) की बदौलत भारत ने पहले दिन 4 विकेट पर 525 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो टेस्ट मैच के पहले दिन बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। इन दोनों के अलावा जेमिमाह रोड्रिग्स ने भी 55 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली।

दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान हरमनप्रीत कौर 42 और रिचा घोष 43 रन बनाकर नाबाद हैं, दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए अब तक 75 रनों की साझेदारी हो चुकी है। शैफाली-मंधाना के बीच हुई पहले विकेट के लिए महिला टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी

इस मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत को शैफाली वर्मा और मंधाना ने अच्छी शुरुआत दिलाई। शैफाली ने कवर के जरिए चौका लगाकर अपनी लय हासिल कर ली, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। दोनों के बीच साझेदारी 292 रनों तक पहुँच गई, जिसमें दोनों बल्लेबाज़ों ने बड़े शतक जड़े।

शैफाली के आक्रामक स्ट्रोक प्ले, जिसमें उनके रिकॉर्ड-तोड़ छक्कों की झड़ी भी शामिल थी, ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजो को निराश कर दिया। दक्षिण अफ्रीका को लंच ब्रेक के दौरान थोड़ी राहत मिली, लेकिन मंधाना और शैफाली ने खेल फिर से शुरू होने के बाद भी अपना आक्रमण जारी रखा, बाउंड्री लगातार आती रही और आखिरकार दोनों बल्लेबाजों ने अपना शतक पूरा किया। वनडे में पहले ही दो शतक और 90 रन बना चुकीं मंधाना के पास इस बार दोहरा शतक बनाने का मौका था, लेकिन 149 रन पर उनकी पारी थम गई, जब उन्होंने डेलमी टकर




की एक गेंद को स्लिप में मौजूद एनेरी डर्कसेन को कैच थमा दिया। मंधाना ने 161 गेंदों का सामना किया और 27 चौके और 1 छक्का लगाया। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका की राहत ज्यादा देर तक नहीं रही क्योंकि शैफाली ने लगातार दो छक्के और एक रन लेकर शानदार दोहरा शतक पूरा किया। उनके लगातार हमले और जेमिमाह रोड्रिग्स के तेज योगदान ने दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें बढ़ा दीं, हालांकि शैफाली के रन आउट होने से दक्षिण अफ्रीका को राहत मिली। शैफाली ने 197 गेंदों पर 23 चौके और 8 छक्के की बदौलत 205 रन बनाए।

कुछ ही देर बाद रोड्रिग्स अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद 55 रनों के व्यक्तिगत स्कोर पर डेलमी टकर का दूसरा शिकार बनीं। भारत ने इसके बाद भी रन बनाना जारी रखा, और टीम का स्कोर 500 के पार पहुँचा दिया। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 4 विकेट पर 525 रन बना लिए, जो महिला टेस्ट इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा ओपनिंग डे स्कोर है। दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान हरमनप्रीत कौर 42 और रिचा घोष 43 रन बनाकर नाबाद हैं, दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए अब तक 75 रनों की साझेदारी हो चुकी है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 30 जून 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## चारधाम यात्रा को लेकर स्पष्ट नीति बनाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोपेश्वर:** पूर्व जिला पंचायत सदस्य उषा रावत ने शनिवार को प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजकर चारधाम यात्रा को लेकर एक स्पष्ट नीति बनाये जाने की मांग की है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य का कहना है कि चारधाम यात्रा में सरकार लगातार कह रही है कि तीर्थ यात्रियों के साथ ही पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है लेकिन स्थानीय लोगों के व्यवसायों में गिरावट आती जा रही है। इसका कारण है स्पष्ट नीति का न होना। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान सरकार ने पंजीयन को अनिवार्य कर दिया, जिस कारण काफी तीर्थयात्री अपने तय समय पर यात्रा पर नहीं आ पाया। वहीं जिन लोगों ने पूर्व से ही अपने होटल, लॉज की बुकिंग की थी, यात्रा पर नहीं आने के कारण उन्हें रद्द करवाना पड़ा। इससे यहां के व्यवसायिकों को काफी नुकसान झेलना पड़ा है। उन्होंने कहा कि पहले यात्रा काल के दौरान गेट सिस्टम की व्यवस्था थी जिससे धामों में दर्शन और रुकने की व्यवस्था हो जाती थी। साथ आठ बजे रात्रि के बाद वाहनों के आवागमन पर भी रोक थी, जिससे स्थानीय व्यवसायियों को इसका लाभ मिलता था। अब ऐसा न होने से धामों पर भी दबाव बढ़ रहा है और स्थानीय लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने शिक्षा विभाग पर लगाया जुर्माना

**चंडीगढ़:** पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने एक व्यक्ति को चयनित होने के बावजूद प्रतीक्षा सूची में रखे जाने के मामले में फैसला सुनाते हुए शिक्षा विभाग हरियाणा पर 50 हजार रुपये जुमार्ना किया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि पद की अनुपलब्धता उस आवेदक को नियुक्ति से इनकार करने का आधार नहीं हो सकती है, जिसके साथ राज्य की मनमानी कार्रवाई के कारण अन्याय हुआ है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 2019 में जारी एक विज्ञापन के अनुसार विधिवत चयनित होने के बावजूद याचिकाकर्ता को प्रतीक्षा सूची में रखा गया। शिक्षा विभाग ने बिना किसी औचित्य के प्रक्रिया में देरी की, जिससे प्रतीक्षा सूची की वैधता अवधि समाप्त हो गई।
याचिकाकर्ता ने प्रतीक्षा सूची की वैधता बढ़ाने के लिए आवेदन किया था। इस आवेदन के बाद वैधता को 6 माह के लिए बढ़ाया तो गया लेकिन याचिकाकर्ता को कभी भी बुलाया नहीं गया। इसके अलावा उनके आवेदन का भी कोई जवाब नहीं दिया। दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा कि यह केवल विभागीय सुस्ती के कारण था कि याचिकाकर्ता को समय पर नियुक्ति की पेशकश नहीं की जा सकी।

# परिश्रम और संघर्ष का मार्ग है संन्यास : योगी

## प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का मुख्यमंत्री ने बेबाकी से दिया उत्तर

**प्रेरणास्त्रोत**

**▸▸ मैंने संन्यास लिया, ये पलायन का नहीं परिश्रम और संघर्ष का मार्ग है: सीएम योगी**




**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** संन्यास लेने पर शुरू-शुरू में लोग मुझे टोकते थे। आज मैं उन लोगों को देखता हूं तो पाता हूं कि कोई संतुष्ट नहीं है। भौतिक उपलब्धि व्यक्ति को कभी संतुष्ट नहीं कर सकती। ये ठीक है कि मैं आज मुख्यमंत्री हूं। मगर मैंने संन्यास लिया, ये पलायन का नहीं परिश्रम और संघर्ष का मार्ग है। आज भी 16-18 घंटे काम करता हूं, इसलिए नहीं कि कोई पद या प्रतिष्ठा प्राप्त होगी, बल्कि इसलिए क्योंकि ये मेरा कतर्व्य है। मैं अपने संन्यास की सार्थकता को साबित कर सकूं। भारत की ऋषि परंपरा ने संन्यास की जो व्यवस्था बनाई है वो व्यवस्था सही है, इसे साबित कर सकूं। आज मैं भगवान श्रीकृष्ण के सिद्धांतों पर चलते हुए सज्जनों के साथ खड़ा रहता हूं और दुष्टों के त्राण के लिए कदम भी उठाता हूं। ये बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं के विभिन्न रोचक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कही। **"पीड़ितों के साथ खड़े रहना ही मेरे जीवन की सार्थकता":** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावी छात्र-छात्राओं की ओर से पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि संन्यास का फैसला लेना उनके और उनके माता-पिता के लिए चुनौती थी। कोई अभिभावक नहीं चाहता कि उसका बच्चा सन्यासी बन जाए। अभिभावक रिटर्न चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बचपन में वह भी वही सोचते थे, जो आज के बच्चे सोचते हैं। वह चाहते थे कि एक अच्छा इंजीनियर बनें। बाद में अहसास हुआ कि कोई इंजीनियर या पद प्राप्त करने से अच्छा है कि पीड़ितों के साथ खड़ा रहूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही मेरे जीवन की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। जितना परिश्रम करेंगे उसका परिणाम हमारे पक्ष में जरूर आएगा। कहा कि किसी कार्य में अगर बाधाएं नहीं हैं तो मानकर चलिए कि आपकी दिशा ठीक नहीं। जितने शुभचिंतक हैं उतने ही दुश्मन भी होने चाहिए। तब जो सफलता मिलती है उसका आनंद भी अलग होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर छात्र छात्रा को प्रधानमंत्री मोदी की किताब एग्जाम वारियर्स जरूर पढ़ना चाहिए।

### पॉलिटिक्स फुल टाइम जॉब नहीं, हर क्षेत्र के विशेषज्ञों को आना होगा: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विकास के लिए एक टीम की जरूरत होती है, जो बिना रुके, बिना झुके लगातार आगे बढ़े। यकीन है कि मेरी युवा पीढ़ी इसके लिए तैयार है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को राजनीति में अपना आदर्श बताते हुए कहा कि पॉलिटिक्स फुल टाइम जॉब नहीं है। राजनीति में अलग-अलग फील्ड से जुड़े विशेषज्ञों को आना चाहिए। इसमें अच्छे शिक्षाविद, अच्छे पत्रकार, अच्छे चिकित्सक, किसान सबको योगदान देना होगा। जब ऐसे लोग राजनीति में आएंगे तो स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा आगे बढ़ेगी। केवल इसलिए कि हम राजनीति में आ जाएं और जाति, परिवार क्षेत्र के नाम पर विभाजन करके सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करें तो देश के साथ इससे बड़ी गद्दारी कुछ और नहीं हो सकती।

### पद और प्रतिष्ठा हमारे पीछे आए, हमें इतना परिश्रम करना होगा: सीएम

**सीएम ने** कहा कि ये जानते हुए कि भारत की सबसे बड़ी कमजोरी यही जाति वैमनस्यता थी, क्योंकि क्या नहीं था भारत के पास। बल, वैभव, विद्या सबकुछ था यहां। दुनिया में तूती बोलती थी भारत की, लेकिन जाति वैमनस्यता ने इतनी गहरी खाई को चौड़ा किया कि चंद विदेशी आक्रांता आए और हमपर शासन करने लगे। सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करने का जो काम इतिहास में किया गया, आज वही काम ये जातिवादी और वंशवादी नेता कर रहे हैं। सीएम ने छात्र-छात्राओं को सलाह दी कि वे अच्छे अधिवक्ता, इंजीनियर, डॉक्टर, अधिकारी बनें और आपकी वहां की अच्छाई की चमक आपको स्वत: राजनीति में आने के लिए प्रेरित कर सकती है। राजनीति खुद आपकी डिमांड करेगी। आपको उसके पीछे नहीं जाना होगा। राजनीति, पद प्रतिष्ठा हमारे पीछे आएगी, हमें इतना परिश्रम करना होगा। **बालिकाएं तनाव में कम रहती हैं :** सीएम योगी ने कहा कि जब आप कक्षा में मेरिट में स्थान प्राप्त करते हैं तो ये प्रत्यक्ष रूप से ये आपका परिश्रम है, मगर इसके पीछे, आपके विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण और परिजनों का भी परिश्रम शामिल है। हर प्रकार के सार्थक प्रयास जब सामूहिक रूप से आगे बढ़ते हैं तो हमें अच्छे परिणाम भी देखने को मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें 2047 में पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप एक विकसित भारत बनाना है। यह तभी संभव होगा जब हम एक अच्छा नागरिक बनेंगे और सामूहिक प्रयास से आगे बढ़ेंगे। मेधावी छात्र-छात्राओं को हृदय से बधाई देते हुए कहा कि यहां छात्राओं की संख्या बहुत अधिक है। बालिकाओं ने बोर्ड की परीक्षा में ज्यादा अच्छा प्रदर्शन किया है। ये बताता है कि बालिकाएं तनाव में कम रहती हैं और मेहनत ज्यादा करती हैं। मुख्यमंत्री से प्रश्न पूछने वाले छात्र-छात्राओं में कृष्णा तिवारी, सोनम पाठक, इशान पचौरी, शांभवी द्विवेदी और कृष्णा शामिल रहे। इस अवसर पर सीएम योगी ने विभिन्न परीक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## मुख्यमंत्री ने 170 अभ्यर्थियों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को 170 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सबको अपने कार्यक्षेत्र में शत-प्रतिशत योगदान देकर अपने माता-पिता और राज्य का गौरव बढ़ाने का कार्य करना है। मुख्यमंत्री धामी ने मुख्य सेवक सदन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में विभिन्न विभागों हेतु चयनित 165 सहायक अभियंताओं एवं ऑडिट विभाग हेतु चयनित 05 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कुल 11 विभागों में 165 सहायक अभियंताओं और ऑडिट विभाग में 05 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति दी गई है। समारोह में मुख्यमंत्री धामी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामना देते हुए आशा व्यक्त की कि नियुक्ति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को जिस भी क्षेत्र में सेवा करने का अवसर मिल रहा है, वे कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण भाव से जन सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि आज नियुक्ति देने का मुख्य उद्देश्य है कि सभी अभ्यर्थियों को चयन वर्ष का लाभ प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की कि अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य कर उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने में सभी चयनित अभ्यर्थी अपना योगदान देंगे।

**नियुक्ति**

**▸▸ 11 विभागों में 165 सहायक अभियंताओं और ऑडिट विभाग में 05 कनिष्ठ सहायकों को दी गई नियुक्ति**

## दिल्ली के बाद गुजरात में बड़ा हादसा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकोट:** गुजरात के राजकोट एयरपोर्ट पर दोपहर बड़ा हादसा हो गया। यहां भारी बारिश के चलते राजकोट एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर पैसेंजर पिकअप और ड्रॉप एरिया में कैनोपी (छतरी) गिर गई। जुलाई 2023 में इसका लोकार्पण हुआ था। गनीमत रही की हादसे के वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था। वरना दिल्ली जैसा हादसा हो सकता था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, छत पर भरे पानी को बाहर निकालने के लिए रखरखाव कार्य के दौरान यह ढह गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। राजकोट एयरपोर्ट पर मरम्मत का काम चल रहा है। गौरतलब है, एक दिन पहले ही
दिल्ली में भी ऐसा ही हादसा हुआ था। टर्मिनल-1 की छत गिरने से एक कैब ड्राइवर की जान चली गई थी।

**कोई हताहत नहीं**

**▸▸ भारी बारिश के चलते राजकोट एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर की छत ढही, जांच का आदेश**

## शिक्षकों का सम्मान वर्तमान और भावी पीढ़ी का सम्मान: योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शिक्षकों का सम्मान देश की वर्तमान और भावी पीढ़ी का सम्मान है। बच्चों में मानवीय संवेदनाओं को जागृत करना ही एक शिक्षक का परम दायित्व है। उन्होंने कहा कि हमें छोटी-छोटी लोकोक्तियों के माध्यम से शिक्षण कला को और मनोरंजक बनाना होगा, साथ ही इस क्षेत्र में लगातार नये अनुसंधान की भी जरूरत है। सीएम योगी शनिवार को गोमती नगर विस्तार में स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था सीएमएस में शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सीएमएस के संस्थापक डॉ जगदीश गांधी की स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने सीएमएस की संस्थापिका और चेयरमैन डॉ भारती गांधी की भी इस बात के लिए प्रशंसा की कि उन्होंने डॉ जगदीश गांधी जी के साथ अलीगढ़ से आकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इस विशाल वटवृक्ष को रोपने का कार्य किया। कहा कि आज यह वटवृक्ष हजारों विद्यार्थियों को अपनी छाया प्रदान कर रहा है। मुख्यंमत्री ने कहा कि डॉ भारती गांधी ने सीएमएस को प्रदेश का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ जगदीश गांधी विपरीत परिस्थितियों में भी हार न मानने वाले व्यक्ति थे। सीएम ने डॉ जगदीश गांधी और अपने संबंधों की चर्चा भी की।

**सम्मान समारोह**

**▸▸ मुख्यमंत्री ने प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था सीएमएस में शिक्षक सम्मान समारोह को किया संबोधित**

## मंगलौर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की होगी जीत: त्रिवेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार:** हरिद्वार के नवनिर्वाचित सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दावा करते हुए कहा कि मंगलौर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना भारी मतों से चुनाव जीतेंगे। दिल्ली में संसद में शपथ लेने के पश्चात हरिद्वार पहुंचे सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत का डामकोठी पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।
हरिद्वार में कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करने के बाद वे तत्काल मंगलौर चुनाव प्रचार के लिए रवाना हो गए।

## मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने कोलकाता में कई जगहों पर की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता में कई जगहों पर शनिवार को 2021 के मनी लांड्रिंग मामले में छापेमारी की। पहले इस मामले की जांच सीबीआई कर रही थी। सूत्रों ने बताया कि मनी लांड्रिंग से संबंधित मामले में जो छापेमारी की गई है, उसके तार विदेशों से भी जुड़े हैं। शहर में आठ अलग-अलग स्थानों पर समानांतर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें न्यू अलीपुर, जोधपुर पार्क स्थित साउथ सिटी आवासीय परिसर, लेक टाउन और जादवपुर भी शामिल है।
ईडी की टीमों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान सुरक्षा दे रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि मामले में मुख्य आरोप विभिन्न मल्टी-लेवल मार्केटिंग योजनाओं के तहत अवैध रूप से सार्वजनिक जमा राशि इकट्ठा करने से संबंधित है। सारदा समूह और रोज वैली समूह जैसे पोंजी घोटाले के मामलों में ऐसे ही मनी कलेक्शन कर विदेशों में ट्रांसफर किए गए थे। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के अलावा ओडिशा, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में भी इस तरह से वसूली की गई है। इन राज्यों के विभिन्न शहरों में ऑपरेटरों के दफ्तरों और एजेंटों के नेटवर्क फैले हुए हैं। इस मामले में वित्तीय संलिप्तता हजारों करोड़ रुपये की है।

## आभा आईडी से 1 करोड़ टोकन जेनरेट करने वाला राज्य बना यूपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** हेल्थ सेक्टर में लगातार कीर्तिमान बना रहे उत्तर प्रदेश ने अब एक और उपलब्धि अपने नाम की है। प्रदेश ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी के माध्यम से एक करोड़ टोकन जेनरेट करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। इतनी बड़ी संख्या में टोकन जेनरेट करने वाला उत्तर प्रदेश भारत का पहला और एकमात्र राज्य है। उत्तर प्रदेश ने अब तक कुल एक करोड़ 43 टोकन जेनरेट किए हैं। टोकन जेनरेशन के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश का स्थान आता है, जिसने 60 लाख 33 हजार 104 टोकन जेनरेट किए हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर कर्नाटक है, जिसने कुल 42 लाख 57 हजार 944 टोकन जेनरेट किए हैं। इस क्रम में जम्मू और कश्मीर (38,87,226), दिल्ली (22,28,079), बिहार (15,65,332), मध्य प्रदेश (12,53,722), महाराष्ट्र (7,96,938), छत्तीसगढ़ (7,34,781), ओडिशा (5,06,580) और गुजरात (3,83,789) जैसे राज्यों का स्थान आता है। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश ने आभा आधारित ओपीडी रजिस्ट्रेशन में 80 लाख के आंकड़े को पार कर भी नया रिकार्ड बनाया था।

## समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब होगा युग-युगीन भारत संग्रहालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कहा कि भारत की समृद्ध विरासत और लोकतंत्र की जननी के प्रमाण का प्रतिबिंब होगा युग-युगीन भारत संग्रहालय। उन्होंने कहा कि युग-युगीन भारत संग्रहालय, पारंपरिक संग्रहालय के अनुभव से आगे बढ़कर समावेशिता की भावना को मूर्त रूप देगा। यह लोगों का एक ऐसा संग्रहालय होगा, जो सामुदायिक आख्यानों को केंद्रित करेगा, यह लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की विरासत का एक प्रमाण बनेगा। केंद्रीय संस्कृति मंत्री शेखावत शनिवार को संस्कृति मंत्रालय द्वारा सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के हिस्से के रूप में नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में बनने वाले आगामी युग-युगीन भारत संग्रहालय के लिए चार दिवसीय अंतर-मंत्रालयी हितधारक परामर्श और क्षमता निर्माण कार्यशाला में बोल रहे थे। यह कार्यशाला 26 से 29 जून तक भारत मंडपम में आयोजित की गई। विचार-विमर्श के अंतिम दिन केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और सचिव गोविंद मोहन के साथ भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी माथौ ने भाग लिया।



**समावेशिता**

**▸▸ युग-युगीन भारत संग्रहालय, पारंपरिक संग्रहालय के अनुभव से बढ़कर समावेशिता की भावना को मूर्त रूप देगा**

## पैर की जगह प्राइवेट पार्ट की कर दी सर्जरी




**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के शाहपुर स्थित सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही उजागर हुई है। यहां एक कपल अपने 9 साल के बेटे के पैर का इलाज करवाने पहुंचे थे। हालांकि, डॉक्टरों ने पैर की जगह उसके प्राइवेट पार्ट का ऑपरेशन कर दिया। कपल ने इसकी शिकायत की तो मेडिकल ऑफिसर ने कहा कि डॉक्टरों ने कुछ भी गलत नहीं किया है। बच्चे के प्राइवेट पार्ट में दिक्कत थी। इसलिए सर्जरी की गई है। हो सकता है कि डॉक्टर ऑपरेशन के बारे में माता-पिता को बताना भूल गए होंगे या उन्होंने गलती से किसी दूसरे मरीज के रिश्तेदार को बता दिया होगा। हालांकि, बच्चे के माता-पिता ने डॉक्टरों की सफाई को मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने शाहपुर पुलिस से मामले की शिकायत की है। हालांकि, अभी मामला दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जिला सिविल सर्जन डॉ. कैलाश पवार ने मामले की जांच करवाने का आश्वासन दिया है। मेडिकल ऑफिसर ने कहा कि एक ही दिन एक उम्र के दो बच्चों की सर्जरी हुई थी। इसलिए पेरेंट्स को बताने में कन्फ्यूजन हुआ होगा। मेडिकल ऑफिसर ने कहा कि एक ही दिन एक उम्र के दो बच्चों की सर्जरी हुई थी। इसलिए पेरेंट्स को बताने में कन्फ्यूजन हुआ होगा। बच्चे के पेरेंट्स ने बताया कि उनका बेटा पिछले महीने अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान उसके पैर में चोट लग गई।

**लापरवाही**

**▸▸ 9 साल का लड़का खेलते समय जख्मी हुआ था; मेडिकल ऑफिसर बोले- दिक्कत थी इसलिए ऑपरेशन किया**

**उड़ान भरी** आईएनएस डेगा से इस हेलीकॉप्टर ने विदाई के दिन भरी अंतिम उड़ान, एक हेलीकॉप्टर विशाखापत्तनम में स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा

## नौसेना ने 17 साल की सेवा के बाद 'सारस' हेलीकॉप्टरों को दी विदाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय नौसेना ने 17 साल तक समुद्री सुरक्षा और निगरानी करने वाले ह्यसारसह्ल हेलीकॉप्टरों को अंतिम विदाई दे दी है। विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा पर हुए डी-इंडक्शन समारोह के दौरान यूएच-3एच हेलीकॉप्टर ने अंतिम उड़ान भरी। इनकी जगह अब आईएनएएस 350 में सी किंग 42सी हेलीकॉप्टरों को तैनात किया जाएगा। यादगार के रूप में इनमें से एक हेलीकॉप्टर विशाखापत्तनम में प्रमुख स्थान पर स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा, जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा पर विदाई समारोह में 17 साल की शानदार सेवा के बाद यूएच-3एच हेलीकॉप्टर को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना ने की। यूएच-3एच स्क्वाड्रन के अनुभवी अधिकारी और नाविक हेलीकॉप्टर की महान सेवा को याद करते हुए परिवारों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यूएच-3एच हेलीकॉप्टर की जगह अब आईएनएएस 350 में सी किंग 42सी हेलीकॉप्टरों को तैनात किया जाएगा। यादगार विदाई समारोह के जरिए उस यूएच-3एच हेलीकॉप्टर के उल्लेखनीय युग का अंत हो गया, जिसने भारतीय नौसेना में विशेष संचालन और एसएआर मिशनों में अभिनव क्षमताओं की शुरूआत की।
लगातार विकसित और गतिशील समुद्री वातावरण में यूएच-3एच की परिचालन भूमिका भारतीय नौसेना विमानन के इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज रहेगी। भारत ने अमेरिका से छह यूएच-3एच हेलीकॉप्टर 2007 में खरीदे थे, जिन्हें नौसेना के जहाज 'जलाश्व' के साथ 24 मार्च, 2009 को विशाखापत्तनम में आईएनएस डेगा पर लाया गया था।
भारतीय तटों पर लाए जाने के बाद इन्हें 'सारस' नाम से आईएनएएस 350 में शामिल किया गया था।
इस बहुमुखी हेलीकॉप्टर ने मानवीय सहायता और आपदा राहत संचालन, अपतटीय प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और विशेष अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**राहत संचालन**

**▸▸ इस बहुमुखी हेलीकॉप्टर ने मानवीय सहायता और आपदा राहत संचालन, में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई**

## पनीर बनाने वाली फैक्टरी में छापा

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार:** उत्तरी हरिद्वार की सीमा पर स्थित हरिपुर कला में एक पनीर बनाने की फैक्टरी में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शनिवार को छापा मारकर सैंपल लिए। पनीर फैक्टरी से उत्पादित पनीर सहित पनीर उत्पादन में प्रयोग की जाने वाली सभी सामग्रियों के सैंपल जांच के लिए रुद्रपुर प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में शामिल प्रेमचंद जोशी ने बताया कि आज विभाग टीम द्वारा हरिपुर कला में पनीर की फैक्टरी में छापा मारा गया है, जहां से अलग-अलग सैंपल लिए गए हैं। इसमें पनीर सहित उपयोग में आने वाले पाम ऑयल, दूध एवं क्रीम आदि के सैंपल शामिल हैं।